01- JAN- K&C- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 1/2/2024 12:07 AM Page 1

बिलासपुर, मंगलवार 2 जनवरी 2024

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


श्री काशी विश्वनाथ मंदिर


उज्जैन, महाकालेश्वर मंदिर



हैदराबाद, बिड़ला मंदिर

## मंदिरों में बीता नए साल का पहला दिन

**रायपुर/नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन मंदिरों में भीड़ उमड़ पड़ी। देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। राजधानी रायपुर के राममंदिर, महामाया मंदिर, डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा, रतनपुर मंदिर समेत समेत अन्य मंदिर में सुबह से भक्ता का रेला लगा रहा। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में 2024 की पहली भस्म आरती की गई।


रायपुर, श्रीराम मंदिर


डोंगरगढ़, मां बम्लेश्वरी



*राजधानी रायपुर में ऐसी अफवाह फैली कि सोमवार सुबह से पेट्रोल पंपों में वाहनों की लंबी लाइन लग गई। दोपहर के बाद कई पंपों में डीजल और पेट्रोल आउट ऑफ स्टॉक हो गया।*

### स्कूली बसें रोकीं, पुलिस प्रोटेक्शन में ऑयल टैंकर का परिचालन, सब्जियों से भरे ट्रक बार्डर पर रुके

# देश के साथ छग में थम गए बस-ट्रकों के पहिए, गाड़ियां रोकने पर जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*केंद्र सरकार के नए सड़क कानून के खिलाफ ट्रक, ट्रांसपोर्टरों और बस ड्राइवरों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ड्राइवर एक से तीन जनवरी तक हड़ताल करेंगे। नए साल के पहले दिन सोमवार को छत्तीसगढ़ समेत देश के कई राज्यों में प्रदर्शन हुआ। इसका असर आम लोगों पर पड़ रहा है। कई शहरों में बसें बंद रहीं। पेट्रोल और डीजल को लेकर मारामारी मची रही।*

नए कानून भारतीय न्याय संहिता में एक्सीडेंट होने पर सजा के प्रावधान से देशभर के ड्राइवर नाराज हो गए हैं। सजा के प्रावधान को अव्यवहारिक बताते हुए ड्राइवरों ने 1 से 3 जनवरी तक हड़ताल करने का ऐलान किया है। इसी कड़ी में रायपुर सहित प्रदेशभर की बसों के अलावा ट्रकों के पहिए भी थमे रहे। ड्राइवरों ने यात्री बसों के अलावा स्कूल बसों को भी रोक दिया। यात्री बसों के पहिए थमने की वजह से उन्हें एक जगह से दूसरी जगह तक सफर करने काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा कई लोगों ने नए साल के अवसर पर बाहर जाने मिनीडोर बुक कराए थे, जिसे कैंसिल करना पड़ा।

ड्राइवरों की हड़ताल की वजह से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। बाहर से आने वाली सब्जियों से भरे ट्रक बार्डर पर रोक दिए गए हैं। थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी के मुताबिक सब्जियों से भरे 75 प्रतिशत ट्रक बार्डर पर ही रोक दिए गए हैं। हड़ताल का पहला दिन होने की वजह से सब्जियों की कीमतें उतनी प्रभावित नहीं हुई हैं। जल्द ही हड़ताल समाप्त नहीं होने की स्थिति में सब्जियों की कीमतें बढ़ सकती हैं।

### नए कानून पर भड़के ट्रक और बस ड्राइवर, चक्काजाम कर प्रदर्शन, अगले 2 दिन हड़ताल

देश में....

| 80 | 28 | 100 |
|---|---|---|
| लाख से ज्यादा ट्रक ड्राइवर | लाख से ज्यादा ट्रक | अरब किमी की दूरी करते हैं तय |

### खास बातें

- हिट एंड रन कानून के विरोध में देशभर में विरोध
- गुजरात के सूरत में बस ड्राइवरों ने सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन



### पुलिस प्रोटेक्शन में निकले ऑयल टैंकर

पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल धगट के मुताबिक ड्राइवरों ने उन्हें हड़ताल की सूचना नहीं दी है। ऑयल डिपो से रविवार को डेढ़ हजार डीजल तथा पेट्रोल टैंकर पुलिस प्रोटेक्शन में उनके गंतव्य स्थानों के लिए रवाना किए गए। एसोसिएशन के अध्यक्ष के मुताबिक पेट्रोल पंपों में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल तथा डीजल टैंकर पहुंच गए हैं। ड्राइवरों की हड़ताल की वजह से फिलहाल स्थिति पैनिक नहीं होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष के मुताबिक सड़कों पर बस तथा ट्रक नहीं चलने से डीजल की खपत कम रहेगी।

### एक्शन में सरकार कलेक्टरों को ऐसी हिदायत

प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की किल्लत को लेकर सरकार ने बड़ा आदेश जारी किया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के संचालक जितेंद्र शुक्ला ने सभी कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी अतिआवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में शामिल है। इनकी आपूर्ति प्रभावित नहीं की जा सकती। पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता और प्रदाय व्यवस्था के लिए जिला स्तरीय निगरानी दल गठन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा राजस्व, पुलिस और खाद्य विभाग के अमले की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### बिलासपुर में फूंका टायर

बिलासपुर में ट्रक चालकों ने सड़क पर वाहन खड़ा करने के साथ ही टायर में आग लगा दी। बिलासपुर-रायपुर राजमार्ग के भोजपुरी टोल प्लाजा पर सुबह सैकड़ों चालकों ने ट्रकों और भारी वाहनों को आड़ा तिरछा खड़ा कर जाम लगा दिया।

### देश के आठ राज्य प्रभावित

**नई दिल्ली।** आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने विरोध की अगुवाई की है। देश के आठ राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर रहे। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में बसें नहीं चलीं। जबकि राजस्थान में आधे दिन प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलीं। बिहार की राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों में भी ड्राइवरों ने प्रदर्शन किया। वहीं उत्तराखंड, पंजाब और यूपी में ट्रक ड्राइवरों ने चक्का जाम किया।

**विरोध क्यों**

- भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुआ संशोधन
- लापरवाही से गाड़ी चलाने पर कड़ी सजा का प्रावधान
- हिट एंड रन केस में 10 साल सजा तय कर दी गई
- दोषी को सात लाख रुपए का जुर्माना भी देना होगा

**क्या होगा असर**

- ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की आवक नहीं होगी
- दैनिक उपयोग की चीजों की कीमतों पर सीधा असर देखने को मिलेगा
- पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुक जाएगी, आवाजाही में दिक्कत होगी।

### इधर, तीन नए कानून के खिलाफ याचिका

औपनिवेशिक काल की तीन आपराधिक कानूनों की जगह पर नए कानूनों का लागू करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इस याचिका में कहा गया है कि तीनों नए कानून अंग्रेजों के कानून को खत्म करने में कारगर नहीं हैं। ये कानून पुलिस शासन को बढ़ाने की ओर कदम हैं। वकील विशाल तिवारी ने याचिका फाइल की है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### हवाई अड्डे पर पकड़ा गया 4.5 किलो सोना



**हैदराबाद।** पिछले दो दिनों में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अलग-अलग मामलों में 2.91 करोड़ रुए का 4.5 किलोग्राम तस्करी किया हुआ सोना जब्त किया। दुबई से यहां पहुंचे तीन महिलाओं सहित चार यात्रियों को पकड़ा और 4.597 किलोग्राम सोना जब्त किया।

### संरक्षण स्थल में 8 विदेशी परिंदों की मौत

**जींद।** कालवन में आठ विदेशी पक्षियों की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर वन्य प्राणी विभाग का अमला मौके पर पहुंच गया और हालात का जायजा लिया। गांव कालवन के महर्षि दयानंद सरस्वती प्रवासी पक्षी संरक्षण स्थल में मृत मिले।

### पुराने सोने के सिक्कों की चोरी, 5 धरे गए



**नवसारी।** गुजरात में नवसारी जिले के बिलीमोरा में एक घर को ध्वस्त करते समय मिले 199 सिक्कों को चुराने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सिक्कों पर महाराज जॉर्ज पंचम की आकृति है।

लोकसभा चुनाव

## चुनावी बॉन्ड की 30वीं किस्त, आज से बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए जारी होने वाले चुनावी बॉन्ड की 30वीं किस्त को मंजूरी दे दी है। इनकी बिक्री मंगलवार से शुरू होगी। यह फैसला इस लिहाज से अहम है कि अप्रैल-मई में लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने में कुछ महीने ही रह गए हैं। चुनावी बॉन्ड की पहली किस्त मार्च, 2018 में जारी की गई थी। एसबीआई को दो जनवरी से 11 जनवरी तक बिक्री होगी।

### छत्तीसगढ़ समेत इन शहरों के बैंक अधिकृत

एसबीआई चुनावी बॉन्ड जारी करने के लिए एकमात्र अधिकृत बैंक है। इसकी चुनावी बॉन्ड बिक्री के लिए अधिकृत शाखाओं में बेंगलुरु, लखनऊ, शिमला, देहरादून, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, पटना, नई दिल्ली, चंडीगढ़, श्रीनगर, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर और मुंबई शामिल हैं।

## क्रास फायरिंग में दुधमुंही बच्ची की मौत, मां घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र में सोमवार शाम नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान क्रास फायरिंग की चपेट में आने से दुधमुंही बच्ची की मौत हो गई। वहीं गोली लगने से मां भी गंभीर रूप से घायल हो गई है। इसके अलावा मुठभेड़ के दौरान डीआरजी के दो जवान भी घायल हुए हैं। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

घटना की पुष्टि करते हुए आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि सोमवार शाम लगभग 5 बजे जिला बीजापुर के थाना गंगालूर अंतर्गत मुतवण्डी के जंगलों में पुलिस टीम व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है। इस मुठभेड़ में ▶▶|शेष पेज 5 पर

### साल के पहले दिन एनकाउंटर

- *भैरमगढ़ एरिया कमेटी के साथ मुठभेड़ दो जवान भी घायल*
- *नए वर्ष के पहले ही दिन नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद सर्चिंग जारी*

### सर्चिंग के दौरान मुठभेड़

आईजी ने बताया कि मुठभेड़ में भैरमगढ़ एरिया कमेटी सचिव चन्द्रन्ना एवं एरिया कमेटी सदस्य मंगली के टीम के कुछ सदस्य के घायल होने का पता लगा है। मुठभेड़ के बाद आसपास क्षेत्र में डीआरजी एवं सीआरपीएफ बल द्वारा सर्चिंग की जा रही है। वहीं, घायल जवान व बच्ची की मां को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा है।

### देश का पहला एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह लांच

# ब्लैकहोल की रहस्यमयी दुनिया का खुलेगा राज!

एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

खास खबर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अंतरिक्ष में ब्लैक होल का अध्ययन करने में मदद करने वाले अपने पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का सोमवार को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण करने के साथ 2024 की शुरुआत की। ऐसी उम्मीद है कि एक्सपोसैट दुनियाभर के खगोल विज्ञान समुदाय को काफी लाभ पहुंचाएगा। समय और स्पेक्ट्रम विज्ञान आधारित ▶▶|शेष पेज 5 पर

### उत्कृष्ट कक्षा में स्थापित

अंतरिक्ष विभाग के सचिव सोमनाथ ने कहा, यह भी बता दूं कि उपग्रह को जिस कक्षा में स्थापित किया गया है वह उत्कृष्ट कक्षा है। लक्षित कक्षा 650 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा से केवल तीन किलोमीटर दूर है और झुकाव 001 डिग्री है जो बहुत उत्कृष्ट कक्षीय स्थितियों में से एक है। दूसरी घोषणा यह है कि उपग्रह के सौर पैनल को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है।



### इसरो समर्पित पहला उपग्रह

एक्सपोसैट एक्स-रे स्रोत के रहस्यों का पता लगाने और 'ब्लैक होल' की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा। यह, ऐसा अध्ययन करने के लिए इसरो का पहला समर्पित वैज्ञानिक उपग्रह है। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दिसंबर 2021 में सुपरनोवा विस्फोट के अवशेषों, ब्लैक होल से निकलने वाले कणों की धाराओं और अन्य खगोलीय घटनाओं का ऐसा ही अध्ययन किया था।

### एक साल के भीतर तीसरा मिशन

ब्रह्मांड के रहस्यों का पता लगाने के लिए एक साल से भी कम समय में ये भारत का तीसरा मिशन है। 14 जुलाई, 2023 को लॉन्च किया गया चंद्रयान-3 मिशन ऐतिहासिक रहा था, जिसमें देश ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कर इतिहास रचा था। इसके बाद 2 सितंबर, 2023 को पहला सोलर मिशन आदित्य-एल1 लॉन्च किया गया था, जो सूर्य की संरचना और अन्य खगोलीय गतिविधियों को लेकर अध्ययन करेगा। अब 1 जनवरी को इसरो ने इस साल का पहला ऐतिहासिक मिशन लॉन्च किया है।



*स्पेस के क्षेत्र में जाने की इच्छा रखने वालों को भारत की अक्षता कृष्णमूर्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने इतिहास रच दिया है। मंगल ग्रह पर अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के रोवर को संचालित करने वाली वह पहली भारतीय बनी हैं। उन्होंने इससे जुड़ा वीडियो शेयर किया था, लेकिन नए साल पर हम इनसे प्रेरणा ले सकते हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को साझा किया है।*


# भारत की अक्षता ने धरती से मंगल ग्रह पर कंट्रोल किया नासा का रोवर

## ऐसा करने वालीं पहली भारतीय हैं अक्षता, नासा में एक भारतीय वैज्ञानिक को मिली बड़ी उपलब्धि

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

'कोई भी सपना कभी भी बहुत बड़ा या पागलपन भरा नहीं होता। खुद पर विश्वास रखें। लक्ष्य पर निगाह टिकाए रखे। मैं वादा करती हूं कि आप कड़ी मेहनत करेंगे तो वहां जरूर पहुंचेंगे।'

अक्षता ने एमआईटी (मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) से पीएचडी की है। वह उन कुछ भारतीयों में से हैं, जो पूर्णकालिक अवसर के लिए नासा में शामिल हुई हैं। अक्षता की लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक वह नासा में प्रमुख इन्वेस्टिगेटर और मिशन विज्ञान चरण लीड हैं। नासा में पिछले पांच वर्षों से वह काम कर रही हैं। अक्षता ने अपनी प्रेरक यात्रा को इंस्टाग्राम पर साझा किया। उन्होंने बताया कि वह मंगल ग्रह पर रोवर को संचालित करने और पृथ्वी पर वापस लाने वाले नमूने इकट्ठा करने वाली पहली भारतीय नागरिक बनीं।



### 13 साल पहले पहुंचीं अमेरिका

अक्षता की यात्रा 13 साल पहले शुरू हुई, जब वह नासा में काम करने का सपना लेकर अमेरिका पहुंची थीं। क्योंकि वह एक विदेशी नागरिक थीं, इस कारण उनके लिए यह लक्ष्य पाना बेहद मुश्किल था। लोगों ने उनसे कहा कि उनका सपना बेहद मुश्किल है, इसलिए वह कोई नया लक्ष्य बनाएं। हालांकि अक्षता ने किसी की नहीं सुनी और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में डटी रहीं। उन्होंने लिखा, 'एमआईटी में पीएचडी करने से लेकर नासा में पूर्णकालिक नौकरी पाने के लिए सैकड़ों दरवाजे खटखटाने तक, कुछ भी आसान नहीं था। आज मैं कई शानदार अंतरिक्ष मिशनों पर काम करती हूं, जिसमें पृथ्वी पर वापस लाने के लिए नमूने इकट्ठा करने वाला पर्सिवरेंस रोवर भी शामिल है।'

### अंतरिक्ष यात्री बनना है सपना

*इंस्टाग्राम पर उनके इस वीडियो को अब तक 70 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। भारतीय लोगों ने उनकी प्रशंसा की। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, 'सच में यह बेहद प्रभावशाली और सराहनीय है। हर किसी में यह साहस नहीं है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आप जैसी महिलाएं महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए प्रेरणा हैं।' इंस्टाग्राम पर अक्षता की बायो के मुताबिक वह अंतरिक्ष यात्री बनना चाहती हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### बसपा के पूर्व मंत्री की 31 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त



**लखनऊ।** बसपा सरकार में मंत्री रहे मीट कारोबारी याकूब कुरैशी और उनके परिजनों व कर्मचारियों के नाम खरीदी गई 31 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस जब्त कर ली है। याकूब कुरैशी फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर हैं। याकूब कुरैशी के अलावा उनकी पत्नी संजीदा बेगम उर्फ समजीदा बेगम, पुत्र इमरान कुरैशी व फिरोज उर्फ भूरा के अलावा उनके कर्मचारी मोहित त्यागी निवासी के-ब्लॉक शास्त्री नगर, फैजाब निवासी घोसीपुर थाना खरखौदा.मुजीब निवासी नरहेड़ा थाना खरखौदा भी आरोपी हैं।

### किसी भी बुरी ताकत के आगे नहीं झुकेंगे : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने सोमवार को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में टीएमसी के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से बुरी ताकतों का विरोध करने को कहा।

---

### यूएपीए के तहत एक्शन, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उठाया बड़ा कदम

# मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड गैंगस्टर गोल्डी बराड़ आतंकी घोषित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को आतंकी घोषित कर दिया है। इससे पहले लखबीर सिंह लंडा को भी केंद्र सरकार आतंकी घोषित कर चुकी है। ये दोनों कनाडा में छिपे हैं। पंजाब में रंगदारी और सीमा पार से हथियार व नशे की तस्करी में भी शामिल हैं। गोल्डी बराड़ कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का खास साथी है।

3पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद गोल्डी बराड़ ने ही जिम्मेदारी सोशल मीडिया पर ली थी। ब्रैम्पटन में छिपा गोल्डी बराड़ प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोपी बराड़ कनाडा में छिपा है। बराड़ लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और हथियारों की तस्करी जैसे लगभग 13 मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर चुका है। सितंबर महीने में गोल्डी बराड़ के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की थी। वहीं राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) भी बराड़ के जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है।

#### खास बातें

- पंजाब में रंगदारी, हत्या और सीमा पार से हथियार व नशे की तस्करी में लिप्त
- कनाडा में छिपा है गोल्डी, गैंगस्टर लॉरेंस का है साथी
- रेड कॉर्नर नोटिस भी हो चुका है जारी





#### कौन है गोल्डी बराड़?

मूल रूप से पंजाब के फरीदकोट जिले के निवासी गोल्डी का जन्म साल 1994 में हुआ था। उसके पिता पुलिसकर्मी थे वह गैंग्स्टर लॉरेंस बिश्नोई का काफी करीबी माना जाता है। वह फिलहाल कनाडा में रह रहा है। वह कॉलेज का ड्रॉप आउट छात्र है, और पढ़ाई छोड़ने के बाद से ही अपराध की दुनिया में सक्रिय है। साल 2019 में गोल्डी बराड़ स्टूडेंट वीजा पर पढ़ाई करने के लिए कनाडा गया था। वह भारत के कई नेताओं को धमकी भरे कॉल करने, फिरौती मांगने और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर हत्याओं के दावों को पोस्ट करने के लिए भी जाना जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह भी दावा किया जाता है कि गोल्डी बराड़ के चचेरे भाई गुरलाल बराड़ की जुलाई 2021 में चंडीगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में एक डिस्को के बाहर हत्या कर दी गई थी। गुरलाल लारेंस बिश्नोई और गोल्डी का करीबी सहयोगी था। इस मौत का बदला लेने के लिए गोल्डी बराड़ ने कथित तौर पर फरीदकोट में युवा कांग्रेस नेता गुरलाल पहलवान की हत्या की साजिश रची थी।

#### लखबीर सिंह लंडा भी आतंकी घोषित

गोल्डी बराड़ से पहले 30 दिसंबर यानी शनिवार को केंद्र सरकार ने लखबीर सिंह लंडा को आतंकी घोषित किया था। आतंकी लखबीर सिंह लंडा पंजाब में आरपीजी हमले का मास्टरमाइंड है। इससे पहले एनआईए 15 लाख रुपये का इनाम लंडा के खिलाफ घोषित कर चुकी है। पंजाब के तरनतारन जिले के हरिके गांव का रहने वाला लखबीर फिलहाल कनाडा में छिपा है। एनआईए ने उसके खिलाफ पिछले साल 20 अगस्त को आईपीसी की धारा 120बी, 121, 121ए और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) 1967 की धारा 17, 18, 18-बी और 38 के तहत देश के विभिन्न हिस्सों में गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का मामला दर्ज किया था।लखबीर सिंह लंडा 2017 में हत्या, हत्या के प्रयास और एनडीपीएस में नामजद होने के बाद कनाडा भाग गया था। 2021 में अमृतसर के पट्टी में दो अकाली कार्यकर्ताओं की हत्या में उसका नाम आया था।

---

### भारतीय विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि

# भारत और पाकिस्तान ने परमाणु ठिकानों की सूची का किया आदान-प्रदान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और पाकिस्तान ने सोमवार को राजयिक चैनलों के जरिए परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया।

दोनों देशों ने यह सूची निषेध संबंधी समझौते के तहत एक-दूसरे को दी है। नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच इस तरह की सूची का यह लगातार 33वां आदान-प्रदान है, पहली बार एक जनवरी 1992 को हुई थी।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच यह परंपरा ऐसे समय में भी कायम है, जब उनके बीच संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकियों ने 2008 के मुंबई पर हमला किया था। जिसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच कोई औपचारिक वार्ता नहीं हुई है। इन हमलों में 166 लोग मारे गए थे और कई घायल हुए थे।

**इस तरह की सूची का यह लगातार 33वां आदान-प्रदान**

#### संपर्क के प्रयास

*दोनों पक्षों के राजनीतिक नेतृत्व ने संपर्क फिर से शुरू करने के प्रयास किए। लेकिन, पाकिस्तान स्थित समूहों के सिलसिलेवार आतंकवादी हमलों ने इन प्रयासों को पटरी से उतार दिया। 2019 के पुलवामा हमले के बाद दोनों के बीच शत्रुता बढ़ गई। इस हमले में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) को दोषी ठहराया गया था। हालांकि, पर्दे के पीछे दोनों देशों के बीच राजनयिक चैनलों से बातचीत चलती रही। तीसरे देश में दोनों देशों के खुफिया और सुरक्षा अधिकारियों की बैठक भी हुई, जिसके परिणामस्वरूप नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम है।*

---

### फटी जींस, स्कर्ट, निकर पहनकर आने वालों की एंट्री पर लगाया गया है प्रतिबंध

# जगन्नाथ मंदिर में लागू हुआ नया ड्रेस कोड

एजेंसी ▶▶ पुरी (ओडिशा)

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने 12वीं सदी के इस धार्मिक स्थल में निकर, फटी जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन वाले कपड़े पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश करने पर रोक लगा दी और उनके लिए 'ड्रेस कोड' अनिवार्य कर दिया है। उसने नव वर्ष से मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने तथा प्लास्टिक और पॉलिथीन का इस्तेमाल करने पर भी पूर्ण रोक लगा दी है।

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने के लिए ''शालीन वस्त्र'' पहनने होंगे। हाफ पैंट, निकर, फटी हुई जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन के कपड़े पहनने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



*परिसर में गुटखा और पान खाने पर प्रतिबंध : अधिकारी ने बताया कि मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने वाले लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। इस बीच, नव वर्ष के दिन भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए पुरी में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोले गए जो देर रात एक बज कर 40 मिनट से ही ग्रांड रोड पर कतार में खड़े हो गए थे।*

#### जारी हुआ था आदेश

इस नियम के लागू होने से 2024 के पहले दिन मंदिर आ रहे पुरुष श्रद्धालुओं को धोती और तौलिया पहने हुए देखा गया और महिलाएं साड़ी या सलवार कमीज में नजर आईं। सजेटीए ने पहले इस संबंध में एक आदेश जारी किया था और पुलिस से इन पाबंदियों को लागू करने के लिए कहा था।

### नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस को छह माह की जेल



ढाका। बांग्लादेशी नोबेल शांति पुरस्कार विजेता 83 साल के मुहम्मद यूनुस को सोमवार को देश के श्रम कानून का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया गया है। प्रासीक्यूटर खुर्शीद आलम खान ने कहा, "प्रोफेसर यूनुस और उनके तीन ग्रामीण टेलीकॉम सहयोगियों को श्रम कानूनों के तहत दोषी ठहराया गया है और छह महीने के कारावास की सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि अपील लंबित रहने तक चारों को तुरंत जमानत दे दी गई है।

### गुलामों को बोलने का अधिकार नहीं : राउत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियां शिवसेना और एनसीपी के दो धड़े हो जाने के बाद से ही राज्य की राजनीति में बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार और शिवसेना के नेता संजय राउत के बीच जुबानी जंग फिर से शुरू हो गई हैं।


**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ. ग.)**

दूरभाष क्र. - 07751220658 Email- actwd.gpm@gmail.com
क्रमांक / ज.उ.यो./03/2023-24/ 5809 गौरेला-पेण्ड्रा - मरवाही, दिनांक 28/12/2023

**पं. जवाहर लाल नेहरू विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा की सूचना**

पं. जवाहर लाल नेहरू विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित 2021) अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु वर्ष 2024-25 में चयन परीक्षा का आयोजन कर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। विद्यार्थियों के चयन हेतु परीक्षा दिनांक 10.03.2024 दिन रविवार को समय दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक चयनित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जावेगी। विद्यार्थियों को चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये आवेदन पत्र दिनांक 25.01.2024 तक संबंधित शाला में प्राप्त कर जमा किया जा सकता है।

प्रवेश परीक्षा से संबंधित अधिक जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in एवं कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ. ग.) के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है।

(डॉ. ललित शुक्ला) सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.)
जी- 06808/2



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 26.12.2023

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना )**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 09.01.2024 तक आमंत्रित की जाती है :

| निविदा आमंत्रण स.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 334/दुर्ग (बालोद)/2023 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत बटरेल एवं कुथरेल मार्ग कि.मी. 1 से 2/6 = 1.60 कि.मी. एवं 03 अन्य मार्ग का बी. टी. नवीनीकरण कार्य | 173.78 | तृतीय |
| 335/दुर्ग (बालोद)/2023 | अनुविभाग क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन पटेली में 06 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | 44.42 | तृतीय |
| 336/ दुर्ग (दुर्ग)/2023 | उपसंभाग क्रं. 02 दुर्ग के अंतर्गत धमधा कॉलेज पहुंच मार्ग 1 एवं 2 लं. 2.00 कि.मी. एवं डोरकी आरसी लिटिया कि. मी. 1,2,3 लं. 3.00 कि.मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य | 72.92 | तृतीय |
| 338/दुर्ग (कवर्धा)/2023 | प्रतापपुर भगतपुर निंगापुर मार्ग लं. 1 से 4 = 4.00 कि.मी. में बी. टी. नवीनीकरण कार्य | 63.45 | तृतीय |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष 0788-2210876
जी-06787/3



**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19 नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)

दूरभाष (का.) 077-2439654, 2331204 फैक्स: 0771-2331525, वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक 4506/4/ विधि/RTI/2023 नवा रायपुर, दिनांक 28/12/2023

-:: खंडन ::-

व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा - 2022 में सम्मिलित अभ्यर्थी के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से चाही गई जानकारी के संदर्भ में विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी प्रसारित की जा रही है कि सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चाही गई जानकारी प्रदान नहीं की जा रही है।

उक्त संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि लोक सेवा आयोग द्वारा विद्यमान नियमों अधिनियमों व निर्देशों के तहत दायित्वों का निर्वहन किया जाता रहा है।

व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा - 2022 के विज्ञापन के साथ प्रकाशित परीक्षा योजना की कंडिका 6(a) में, प्रारंभिक परीक्षा की अंकसूची जारी न किए जाने संबंधी स्पष्ट उल्लेख है। साथ ही विज्ञापन की कंडिका 17 में भी स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है कि किसी भी लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार से संबंधित प्राप्तांकों की सूची तभी जारी की जाएगी जब संबंधित विज्ञापन के माध्यम से विज्ञापित पदों हेतु अंतिम चयन सूची जारी कर दी जाए। विज्ञापन की कंडिका 19 में उल्लेखित है कि दावा आपत्ति निराकरण के बाद अंतिम चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात संशोधित मॉडल उत्तर आयोग के वेबसाईड में जारी किया जाएगा।

उक्त कंडिकाओं के तहत अंतिम चयन सूची जारी होने के पूर्व आवेदकों को सामान्य अथवा सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन के आधार पर प्राप्तांकों, कट ऑफ अंकों अथवा मॉडल उत्तर संबंधी जानकारी एवं उत्तर पुस्तिका की प्रति इत्यादी प्रदान नहीं की जाती है।

कतिपय समाचार पत्रों द्वारा प्रसारित किया जा रहा है कि राज्य सूचना आयोग के आदेश पर भी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा - 2022 के कट ऑफ मार्क्स, संशोधित मॉडल उत्तर आवेदक के प्राप्तांक और ओ. एम. आर. शीट की प्रति प्रदान नहीं की गई है। उक्त के संदर्भ में उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन की कंडिकाओं के तहत जानकारी प्रदान नहीं की गई थी तथा राज्य सूचना आयोग के जानकारी प्रदान करने के आदेश पर संदर्भित प्रकरण में आदेश के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 08.12.2023 को याचिका दायर की गई है।

कतिपय समाचार पत्रों द्वारा यह लेख किया गया है कि लोक सेवा आयोग ने 25 दिसम्बर तक उच्च न्यायालय में कोई रिट दायर नहीं की है साथ ही कतिपय समाचार पत्रों द्वारा राज्य सूचना आयोग में पी.एस.सी. की तरफ से उपस्थित अधिकारी तथा उनके द्वारा राज्य सूचना आयोग के समक्ष किए गए कथन के संबंध में गलत जानकारी प्रकाशित की गई है जो कि असत्य है, जिसके संदर्भ में राज्य सूचना आयोग के समक्ष सुनवाई में उपस्थित छ.ग. लोक सेवा आयोग के सहायक जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 24.11.2023 को आयोग के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। विभिन्न समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित उक्त भ्रामक समाचारों का छ.ग. लोक सेवा आयोग खंडन करता है।

अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
जी-06814/1



**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ. ग.)
**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

**(द्वितीय आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 15-01-2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

| सिस्टम निविदा क्र निविदा सूचना क्र. / दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सिस्टम निविदा क्र.150510 07/वलेलि / 2023-24 कोरबा दिनांक- 29.12.2023 | सोल्वा व्यपवर्तन योजना के शीर्ष एवं नहर मरम्मत कार्य। | रू. 231.00 लाख निविदा जल संसाधन विभाग के एरा. ओ.आर. अगस्त 2022 के अनुसार आमंत्रित है। |
| सिस्टम निविदा क्र. 150523 08/वलेलि / 2023-24 कोरबा दिनांक - 29.12.2023 | छुरी जलाशय योजना के पक्के संरचनाओ के पुर्ननिर्माण तथा नहर के जीर्णोद्धार कार्य। | रू. 293.26 लाख निविदा जल संसाधन विभाग के एरा. ओ.आर. अगस्त 2022 के अनुसार आमंत्रित है। |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 05-01-2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग,
कोरबा (छ.ग.)
जी-06809/3



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं भू-अर्जन अधिकारी पेण्ड्रारोड (छ.ग.) जिला - गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.)**

**लोक सूचना**

**(भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा - 21 के अंतर्गत)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भू-अर्जन प्रकरण क्र. 01/अ-82 / 2021-22 ग्राम- तेंदुमूड़ा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं.- गौरेला, तहसील - पेण्ड्रारोड में 01 खातेदार के निजी भूमि 0.32 एकड़ (0.129 हेक्टेयर) मल्हनिया जलाशय योजना नहर कार्य के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि का विवरण हेतु लोक हित में अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसका विवरण नीचे दर्शित है, के स्वत्व माप एवं प्रतिकर के संबंध में तथा ऐसे भूमि में सभी हितों के लिये प्रतिकरों और पुनर्वास व प्रतिस्थापन के दावे में हितबद्ध व्यक्ति, पक्षकार या उसके अभिकर्ता द्वारा दिनांक 15/01/2024 को प्रात: 11.00 बजे इस कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पेण्ड्रारोड में उपस्थित होकर लिखित में और हस्ताक्षरित रूप में प्रस्तुत कर सकता है:-

| स. क्र. | कास्तकार का नाम मय वल्दियत | खसरा नंबर | अर्जित हेतु प्रस्तावित रकबा | |
|---|---|---|---|---|
| | | | एकड़ | हेक्टेयर |
| 1 | श्री लालता पि. मुलई सा. देह भूमि स्वामी. | 24 | 0.32 | 0.129 |
| | | योग: 01 | 0.32 | 0.129 |

जारी दिनांक-28.12.2023
जी- 06800/1
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी, पेण्ड्रारोड



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)**

बाबूपारा जेल रोड़ अम्बिकापुर फोन 07774-224498 फैक्स 224113

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 18.01.2024
निविदा आमंत्रण :- प्रथम आमंत्रण

| स. क्र. | निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक व दिनांक | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत ( लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 04/ 29.12.2023 | 150665 | लोक निर्माण विभाग सेतु उपसंभाग जशपुर अंतर्गत निर्मित वृहद पुलों में विशेष मरम्मत कार्य का निविदा आमंत्रण बावत्। | रू. 34.39 लाख |

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़
जी- 06804/2
अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल
अम्बिकापुर (छ.ग.)



**'' छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग'' धमतरी वनमंडल धमतरी काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत नगरी काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्ते एवं अन्य जनकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार नगरी से प्राप्त की जा सकती है। कृपया बोली लगाने से पूर्व वनोपज का स्वत: स्थल निरीक्षण कर लेवे।

नीलाम स्थल का नाम - नगरी काष्ठागार (नीलाम हॉल), नीलाम दिनांक-11 जनवरी 2024 नीलाम समय-प्रात: 9.00 बजे से

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

| प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) |
| सागौन | 3.222 | 30 | 82.393 | 3430 | 85.615 | 3460 |
| साल | 1104.707 | - | 630.242 | - | 1734.949 | - |
| साजा | 410.400 | - | 82.889 | 170 | 493.289 | 170 |
| बीजा | 92.645 | - | 115.280 | - | 207.925 | - |
| तिन्सा | 3.340 | - | 7.083 | - | 10.423 | - |
| शीशम | - | - | 3.413 | - | 3.413 | - |
| हल्दू / मुण्डी / खम्हार | 86.632 | - | 88.856 | 14 | 1.488 | 14 |
| सलई / मोयन | 0.715 | - | 15.593 | - | 16.308 | - |
| धावड़ा | 69.193 | - | 11.824 | - | 81.017 | - |
| कर्रा / सेन्हा / अन्य | 272.401 | - | 729.477 | - | 1001.878 | - |
| योग:- | 2043.255 | 30 | 1767.050 | 3614 | 3810.305 | 3644 |

टीप:-
(1) किसी भी व्यक्ति को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व नीलाम की शर्तो का पालन करने के करार के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर अपना हस्ताक्षर करना होगा तथा प्रत्येक लाट के संबंध में बोली लगाने के पूर्व जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता हो उसके 10% के बराबर राशि या 1000/- (एक हजार) रूपये इसमें से जो भी अधिक हो की बयाने की राशि जमा करना होगा।
(2) घोष विक्रय हेतु निर्धारित शर्तो के तहत सत्यंकार जमा करने वाला व्यक्ति/ संस्थान, छत्तीसगढ़ काष्ठ नियम 7 के अन्तर्गत प्रदेश के अधीन किसी क्षेत्रीय वनमण्डल में विनिर्माता, व्यवसायी या उपभोक्ता के रूप में पंजीकृत हों, जिसकी छायाप्रति सत्यंकार राशि जमा करते समय अनिवार्य रूप से जमा करावें, शर्त के पालन होने की स्थिति में ही इच्छुक व्यक्ति/संस्थान ही घोष विक्रय में भाग ले पायेंगे। पंजीकृत नही होने पर उन्हें पंजीयन कार्यवाही वनमण्डल कार्यालय से अनिवार्य रूप से कराना होगा।
(3) समस्त क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि संबंधित फर्म का पूर्ण डाक पता पेन नम्बर, जी.एस.टी. नम्बर एवं मोबाईल नम्बर ई.एम.डी. कक्ष में सुचारू रूप से कार्य संचालन हेतु अंकित कराना अनिवार्य है।
(4) नीलाम में क्रय किये गये लाटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।

फोन- 07722-238371, फैक्स- 07722-236137
जी-06798/4
वनमंडलाधिकारी धमतरी वनमंडल धमतरी

01- JAN- CITY- MAIN- Pg- 3 FRINT_Layout 1 1/2/2024 12:10 AM Page 1

बिलासपुर
मंगलवार, 2 जनवरी 2024
पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 23, अंक : 312
पृष्ठ : 10+4 = 14, मूल्य : 5.00 ***

मौसम
अधि. 28.0
न्यून. 14.2

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 डेविड वार्नर ने 'टेस्ट' के बाद 'वनडे' ...

विचार पेज
2 मानवाधिकार संरक्षण हो संकल्प




## खबर संक्षेप

### कश्मीर में तेज हो गई शीत लहर



**श्रीनगर।** कश्मीर में नए वर्ष की शुरुआत के साथ साथ शीत लहर और तेज हो गई। कई जगहों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिन्दु से दो से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। कश्मीर के अधिकतर मैदानी इलाके में बर्फबारी नहीं हुई और मौसम शुष्क रहा। घाटी के ऊपरी इलाकों में दिसंबर में सामान्य से कम बर्फबारी दर्ज की गई। आसमान साफ रहने के कारण श्रीनगर सहित ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

### सुरक्षा पर शाह आज लेंगे उच्च स्तरीय बैठक



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को राजधानी दिल्ली में जम्मू-कश्मीर सुरक्षा मुद्दे को लेकर हाई लेवल मीटिंग करने जा रहे हैं। मीटिंग में जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था की स्थिति, सिक्योरिटी ग्रिड, एरिया डोमिनेशन प्लान, यूएपीए से जुड़े मामले और जीरो टेरर प्लान पर चर्चा होगी। साथ ही यहां के डेवलपमेंट की भी समीक्षा की जाएगी।

### डीएसपी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत



**चंडीगढ़।** पंजाब सशस्त्र पुलिस का एक डीएसपी सोमवार को जालंधर में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाया गया। डीएसपी दलबीर सिंह (54) के शरीर पर चोट के निशान थे और उनका शव जालंधर के बस्ती बावा खेल में एक सड़क पर पड़ा मिला था। वह इसी इलाके में तैनात थे। दलबीर सिंह का एक पैर कुचला हुआ मिला। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं।

### ट्रेन में अंदर नहीं जाने दिया, पटरी पर बैठे यात्री



**गुरुग्राम।** राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर जा रहे यात्री ट्रेन में भीड़ होने के कारण रेलवे ट्रैक पर बैठ गए क्योंकि ट्रेन में अंदर बैठे यात्रियों ने उन्हें अंदर नहीं चढ़ने दिया। गुस्साए यात्रियों ने ट्रेन को करीब 30 मिनट तक रोके रखा। बातचीत के बाद ही ट्रैक खाली करने को राजी हुए। घटना रविवार रात करीब 8.10 बजे उस वक्त की है जब दिल्ली सराय रोहिल्ला पर थी।

### विमान ईंधन कमर्शियल सिलेंडर के घटे दाम



**नई दिल्ली।** विमान ईंधन के दाम में चार प्रतिशत की कटौती की गयी। खाना पकाने के 19 किलो के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में मामूली 1.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जब एटीएफ के दाम कम हुए हैं। हालांकि, रसोई गैस के रूप में घरों में उपयोग होने वाले 14.2 किलो के घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 903 रुपए पर बरकरार हैं।

## पश्चिमी समुद्र तट पर भूकंप के कई तेज झटके, सुनामी की चेतावनी

# जापान की धरती डोली, 21 झटकों ने डराया

# 35 हजार घरों में ब्लैक आउट



जापान में भूकंप के तगड़े झटके ने लोगों को डराया है। 90 मिनट में भूकंप के 21 झटके महसूस किए गए। इससे हजारों की संख्या में आबादी प्रभावित हुई है। करीब 35 हजार घरों में अंधेरा छा गया है। इशिकावा में समुद्र की ऊंची लहरें डरा रही हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है। जापान के पश्चिमी तट के पास भूकंप के बाद सुनामी का खतरा मंडरा रहा है। रूस के तटीय इलाकों में भी सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है।

एजेंसी ⏭ तोक्यो

जापान ने सोमवार को पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए जाने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की और लोगों से तटीय इलाकों से जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर चले जाने को कहा। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे के तुरंत बाद इशिकावा के समुद्र तट और आसपास के प्रांतों में एक दर्जन भूकंप आने की सूचना दी, जिनमें से एक की प्रारंभिक तीव्रता 7.6 मापी गई। इसने इशिकावा के लिए एक गंभीर स्तर की सुनामी चेतावनी और होंशू द्वीप के बाकी पश्चिमी तट के लिए निचले स्तर की सुनामी चेतावनी जारी की। जापान के सरकारी प्रसारणकर्ता ⏭ शेष पेज 5 पर

### सड़कें धंसी राजमार्ग बंद

भूकंप के कारण कई इलाकों में सड़कें धंस गई हैं। जापान की जनता बड़ी संख्या में प्रभावित हुई है। सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के कारण राजमार्ग बंद हो गए हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। वाजिमा बंदरगाह पर सुनामी की लहरें देखी गईं। एक मीटर से अधिक लगभग चार फीट ऊंची समुद्री लहरों को देखकर जनता के बीच खौफ पसर गया।

### अगले दो-तीन दिन अहम

मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि अगले सप्ताह, खासकर अगले दो या तीन दिनों में इस क्षेत्र में और बड़े भूकंप आ सकते हैं। जापान के उत्तरी हिस्से में स्थित होकाइदो द्वीप के अलावा उत्तर कोरिया और रूस के कुछ हिस्सों में समुद्र में एक मीटर ऊंची लहरे उठने की चेतावनी जारी की गई है। रूस के अधिकारियों ने सखालिन द्वीप के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है।

### भारत ने तैयार किया नियंत्रण कक्ष

जापान के पश्चिमी तट पर आए कई शक्तिशाली भूकंप के झटकों को लेकर जारी सुनामी अलर्ट के बाद यहां स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को उन भारतीयों के लिए एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जो किसी तरह की मदद चाहते हैं। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट करके ⏭ शेष पेज 5 पर

- भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर
- 7.4 आंकी गई भूकंप की तीव्रता, समुद्र में उठ सकती हैं 5 मीटर ऊंची लहरें
- जापान के अलावा, रूस, दक्षिण कोरिया ने भी जारी की चेतावनी

### द. कोरिया में भी होगा असर

दक्षिण कोरिया में मौसम एजेंसी ने कुछ पूर्वी तटीय शहरों के निवासियों से समुद्र के स्तर में संभावित बदलावों पर नजर रखने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने भूकंप और सुनामी के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए एक विशेष ⏭ शेष पेज 5 पर

कुश्ती संघ में थम नहीं रहा विवाद

## अध्यक्ष ने कर दी बगावत कहा- नहीं मानते मंत्रालय का निलंबन, तदर्थ समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारतीय कुश्ती पर छाये संकट के बादल हटने का नाम नहीं ले रहे। अब निलंबित डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि वे तदर्थ समिति या खेल मंत्रालय द्वारा लगाये गए निलंबन को नहीं मानते और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का आयोजन करेंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव के तीन दिन बाद ही मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया। सरकार के अनुरोध पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया जिसके अध्यक्ष भूपेंदर सिंह बाजवा होंगे। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व हॉकी खिलाड़ी एम एम सोमाया और पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर हैं। तदर्थ समिति ने सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप दो से पांच फरवरी को जयपुर में कराने का ऐलान किया है।

### हमारा चुनाव लोकतांत्रिक

संजय ने कहा, हमारा चुनाव लोकतांत्रिक ढंग से हुआ है। निर्वाचन अधिकारी ने कागजों पर दस्तखत किये जिसे वे कैसे अनदेखा कर सकते हैं। हम इस तदर्थ समिति को नहीं मानते। यह पूछने पर कि राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कैसे होगी, उन्होंने कहा, हम इस निलंबन को नहीं मानते। डब्ल्यूएफआई अच्छे से काम कर रही है।

### तदर्थ समिति को दी चुनौती

तदर्थ समिति राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का आयोजन कैसे करेगी अगर हमारे प्रदेश संघ टीमें ही नहीं भेजेंगे। हम जल्दी ही अपनी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का आयोजन करेंगे। हम जल्दी ही कार्यकारी समिति की बैठक बुलायेंगे। इसका नोटिस एक या दो दिन में भेज दिया जायेगा।

नए साल का पहला दिन

## सीएम बोले- पुष्पगुच्छ नहीं मुझे केवल एक फूल दीजिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को नए साल के दिन जब विभागीय कामकाज निपटाने मंत्रालय पहुंचे तो इस मौके पर विभिन्न विभागों के सचिवों ने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नववर्ष की बधाई देते हुए कहा, आज साल का पहला दिन है। आज हम समीक्षा करें कि किस तरह अगले एक साल में अपने विभागीय लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में बेहतर रणनीति और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर सकते हैं। नई सरकार से लोगों में बहुत उम्मीदें हैं। इन सबको पूरा करने के लिए हम सबको कड़ी मेहनत करनी है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि नववर्ष के अवसर पर और आगे जब भी उनसे भेंट करने आएं तो बड़े-बड़े पुष्पगुच्छ देने के बजाय केवल एक पुष्प देकर मिलें। उन्होंने कहा, यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम होगा। सचिवों से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोदीजी की सभी गारंटी को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय ⏭ शेष पेज 5 पर


- मुख्यमंत्री ने सचिवों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं, कहा- सालभर की प्लानिंग करें

### हम सुशासन के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने चर्चा में कहा, मंत्रियों को विभाग आवंटित कर दिए गए हैं। शासन की मंशा के मुताबिक लोक कल्याणकारी योजनाओं में तेजी से प्रगति लानी है। हमने सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग एप भी लांच किया है। इसके माध्यम से हमें योजनाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी मिलती रहेगी। उन्होंने कहा, विभागीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति पर नजर रखें। जहां किसी तरह की दिक्कत आ रही हो तो उन्हें समय-समय पर अवगत कराते रहें, ताकि तत्काल ही सुधारा जा सके। मुख्यमंत्री को मंत्रालय में छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

2024 का ऐसा स्वागत

## 'सूर्य नमस्कार' का विश्व रिकॉर्ड





**108** स्थानों पर एक साथ आयोजन

**50** हजार से ज्यादा ने भाग लिया

**अहमदाबाद।** गुजरात में सोमवार को 108 स्थानों पर एक साथ 50 हजार से ज्यादा लोगों ने सूर्य नमस्कार कर गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया। मेहसाणा जिले में मोढेरा सूर्य मंदिर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने हिस्सा लिया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, गुजरात ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ वर्ष 2024 का स्वागत किया है।

### पीएम-गृहमंत्री ने की सराहना

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ वर्ष 2024 का स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस उपलब्धि की सराहना की। शाह ने 'एक्स' पर गुजरात में सूर्य नमस्कर करते हुए लोगों की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।

इंफाल घाटी में लगा कर्फ्यू

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा उपद्रवियों ने की 4 की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंफाल

मणिपुर में सोमवार शाम को एक बार फिर हिंसा भड़क गई। सोमवार शाम थौबल जिले के लिलोंग इलाके में अज्ञात हथियारबंद बदमाशों और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हो गई। लिलोंग में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई है मणिपुर पुलिस ने पुष्टि की है। शव अभी तक बरामद नहीं हुए हैं। इसके बाद थौबल और इंफाल वेस्ट जिलों में फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया।

कथित तौर पर हथियारबंद बदमाशों ने नागरिकों पर गोलीबारी की जिसमें कम से कम तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। इंफाल पूर्वी जिले से भी कर्फ्यू में छूट वापस ले ली गई है। अब मणिपुर की इंफाल घाटी में पूर्ण कर्फ्यू लगा दिया गया है। बिष्णुपुर जिले से भी कर्फ्यू में छूट वापस ले ली गई है। सीएम एन बीरेन सिंह ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से शांति बरतने और कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की। उन्होंने लोगों से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए सहयोग करने को कहा।

### 3 मई से अब तक 180 की मौत

3 मई 2023 को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 180 से अधिक लोग मारे जो चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। मैतेई समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति का दर्जा की मांगने के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित करने के बाद से राज्य में हिंसा का दौर शुरू हुआ था।

## अयोध्या में नए साल के पहले दिन बांटा गया 'अक्षत'

# राम मंदिर में सुबह होगी प्राण प्रतिष्ठा की रस्म, भोपाल के फूलों से सजेगा परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

खास खबर

अयोध्या में भगवान राम के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की रस्म आगामी 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी। भोपाल की एक नर्सरी के बोगनविलिया फूलों का इस्तेमाल अयोध्या के राम मंदिर परिसर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सजावट के लिए किया जाएगा। राम मंदिर का निर्माण करा रही संस्था श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत ⏭ शेष पेज 5 पर



### 'जय श्री राम' के नारे के साथ नए साल का जश्न

अयोध्या में 'जय श्री राम' के नारों के बीच नए साल का स्वागत किया गया। प्रसिद्ध लता मंगेशकर चौक पर स्थानीय निवासियों के अलावा बाहर से आए लोगों का समूह सेल्फी और तस्वीरें लेता नजर आया। कई लोगों ने 'जय श्री राम' के नारे लगाए। इस चौक का नाम दिग्गज गायिका लता मंगेशकर के नाम पर रखा गया है।

### बोगनविलिया फूलों से होगी सजावट

भोपाल स्थित 'निसर्ग' नर्सरी के मालिक रामकुमार राठौड़ ने बताया कि उन्हें अयोध्या में फूलों की आपूर्ति का ठेका मिला है और वे 10 हजार फूलों की दो खेप पहले ही भेज चुके हैं। बोगनविलिया फूलों से मंदिर परिसर सजाया जाएगा। राठौड़ ने कहा, हमें अयोध्या के राम जन्मभूमि से पांच से छह प्रकार के फूलों की आपूर्ति करने का ठेका मिला है, जिनमें सफेद, नारंगी, ⏭ शेष पेज 5 पर

### राम मंदिर को लेकर भाजपा ने बुलाई बैठक

राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने मंगलवार को बड़ी बैठक करने जा रही है। इस बैठक में हर प्रदेश से पार्टी के दो पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह भी इस मीटिंग में शिरकत करेंगे, जो मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे शुरू होगी। सूत्रों ने पिछले महीने इंडिया टुडे को बताया था कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अपने कैम्पेन ⏭ शेष पेज 5 पर

- नड्डा और शाह रहेंगे मौजूद, तैयार होगी विस्तृत कार्ययोजना

01- JAN- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 1/1/2024 9:58 PM Page 1



## चिंतन

# शानदार टैक्स आंकड़ों से नव वर्ष का आगाज

नव वर्ष का आगाज आर्थिक मोर्चे पर बेहतर खबर से हुई है। दिसंबर में रिकार्ड जीएसटी संग्रह हुआ है, साल के पहले दिन ही शेयर बाजार ने नई ऊंचाई छुई है, तो प्रत्यक्ष कर संग्रह का आंकड़ा भी आकर्षक आया है। सोने व चांदी के भाव में भी निवेशकों के लिहाज से तेजी दर्ज किया गया। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपये रहा था। इसके साथ ही अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 14.97 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान अवधि में इन नौ महीनों में कर संग्रह 13.40 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने की अवधि में औसत मासिक कर संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में दर्ज 1.49 लाख करोड़ रुपये के औसत कर संग्रह से 12 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि दिसंबर इस वर्ष का सातवां महीना है जिसमें 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी संग्रह हुआ है। नए साल के पहले दिन शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स व निफ्टी दोनों में तेजी रही। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद, वैश्विक स्तर पर महंगाई में कटौती, बॉन्ड प्रतिफल के नरम होने के चलते बाजार ने मजबूती दिखाई। इस सप्ताह, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा जारी होगा। इससे 2024 में नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्थिति साफ होगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर तक 8.18 करोड़ कर रिटर्न दाखिल किये गये हैं, जबकि एक साल पहले 31 दिसंबर, 2022 तक 7.51 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गये थे। यह बीते वित्त वर्ष 2022-23 में भरे गये कुल आयकर रिटर्न से नौ प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के गत माह 17 दिसंबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अब तक 20.66 फीसदी बढ़कर 13.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जमा होने की उम्मीद है। टैक्स संग्रह के ये आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाते हैं। इस वक्त भारत की जीडीपी दर दुनिया में सबसे तेज है। अर्थव्यवस्था के सभी इंडिकेटर सकारात्मक हैं, केवल खाद्यान्न महंगाई, बेरोजगारी और सर्विस सेक्टर के आंकड़े आकर्षक नहीं हैं। नव वर्ष के पहले दिन ही कर संग्रहों के आंकड़ों ने शुभ संकेत दिए हैं। हालांकि भूराजनीतिक तनाव, दो दो जंग, क्षेत्रीय संघर्ष, ट्रेड वार, ग्लोबल आपूर्ति तंत्र में रुकावटें आदि वैश्विक संकट नव वर्ष में भी कायम रहेंगे, जिनसे निपटते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को मोमेंटम बनाए रखना होगा। चुनावी वर्ष होने के चलते इस साल आर्थिक गतिविधियां तेज रहेंगी, लेकिन इसके साथ ही लोकलुभावन घोषणाओं के चलते सरकार पर वित्तीय दबाव भी रहेगा। इसके बावजूद टैक्स कलेक्शन में तेजी एक अच्छा संकेत है। दुनिया आपूर्ति श्रृंखला पर चीन के दबदबे को चुनौती देने वाले एक भरोसेमंद विकल्प के तौर पर भारत को देख रही है, जिससे वर्ष 2024 में अभूतपूर्व निवेश के अवसर पैदा होंगे। उम्मीद है नए साल में भी टैक्स कलेक्शन नया रिकार्ड बनाता रहेगा।



नव वर्ष
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमारी पृथ्वी पर चल रहे व्यापक रोष पर चिंता जाहिर की और दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों को चेताते हुए व्यापक सुधार की गुहार लगाई। इसमें भी वे सचेतन मन की तलाश कर रहे हैं। चाहे वह वैयक्तिक सचेतन मन हम समझें या वैश्विक स्तर पर राज्यों के सचेतन मन को समझें। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चिंता व्यापक मानवता पीड़ा की है। उनकी चिंता हमारे प्लानेट पर ख़तरे की है। उनकी चिंता 2023 रिकॉर्ड में दर्ज सबसे गर्म साल की है और बढ़ती निर्धनता और भोजन अभाव में जी रहे लोगों की है। नव वर्ष में मानवाधिकार संरक्षण पर जोर होना चाहिए।

# मानवाधिकार संरक्षण हो संकल्प

समय के सापेक्ष चलने में बहादुरी नहीं है। समय के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करने का वक्त है। विश्व में वर्ष 2023 में कई अद्भुत घटनाएं घटीं। हम 2024 में प्रवेश कर रहे हैं। 2023 को जल्द ही हम भूल जाएंगे। इस भूलभुलैया में कटी जा रही ज़िंदगी के बारे में विचार करें आप तो कभी कभी ऐसा लगेगा कि हम कितने भुलक्कड़ हैं जी। हम कल कुछ और सोच रहे थे और आज कुछ और। लेकिन यह जो आज के मुताबिक सोच रहे हैं, कल जो खोया-पाया उसे तो हम भूल ही गए। अच्छा हो, हम हर पल यादगार, अविस्मरणीय स्मृति बनाएं। अच्छा हो हम कुछ ऐसा करें जो केवल अपने लिए न हो, वरन सबके लिए हो। ऐसा करने के लिए हमें हमारे सचेतन मन के साथ मेलजोल बनाकर आगे बढ़ना आवश्यक होगा। 2023 के लिए मानवाधिकार क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार विजेताओं की घोषणा हुई। इसमें मानवाधिकार केन्द्र 'वियास्ना', बेलारूस, जूलिएन लुसेंज, काँगो लोकतांत्रिक गणराज्य, मानवाधिकार अध्ययन के लिए अम्मान केन्द्र, जॉर्डन, जूलियो पेरेरा, उरुग्वे, स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण के अधिकार की सार्वभौमिक मान्यता के लिए नागरिक समाज संगठनों, आदिवासी लोगों समेत अन्य हितधारकों का वैश्विक गठबंधन, इन्हें मानव अधिकारों के हितधारक बताया गया है। यह पुरस्कार इसलिए दिए जाते हैं ताकि नई पीढ़ी के लोग आगे आकर ऐसे कर्त्तव्य करें जिसमें समाज का हित शामिल हो। सबकी गरिमा की रक्षा होती हो या ऐसे नागरिक समज का निर्माण होता हो, जो मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए अभी, और भविष्य में भी काम आएंगे। यह सचेतन मन वाले लोग हैं जो दुनिया में व्याप्त दर्द को समझकर उनके लिए काम कर रहे हैं। पुरस्कार उनके अभिनंदन का प्रतीक हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमारी पृथ्वी पर चल रहे व्यापक रोष पर चिंता जाहिर की और दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों को चेताते हुए व्यापक सुधार की गुहार लगाई। इसमें भी वे सचेतन मन की तलाश कर रहे हैं। चाहे वह वैयक्तिक सचेतन मन हम समझें या वैश्विक स्तर पर राज्यों के सचेतन मन को समझें। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चिंता व्यापक मानवता पीड़ा की है। उनकी चिंता हमारे प्लानेट पर ख़तरे की है। उनकी चिंता 2023 रिकॉर्ड में दर्ज सबसे गर्म साल की है और बढ़ती निर्धनता और भोजन अभाव में जी रहे लोगों की है। महासचिव गुटेरेश चाहते हैं कि युद्धों की संख्या और तीव्रता बढ़ती जा रही है और आपसी विश्वास घट रहा है। एक-दूसरे पर उंगली उठाने और बन्दूक तानने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं, ये सब बंद हो। उनका मानना है कि जब हम एक साथ खड़े होते हैं, तो मानवता मज़बूत होती है।

एंटोनियो गुटेरेस के मन में कहीं न कहीं मानव अधिकारों के गिरते स्तर पर भयानक आक्रोश है क्योंकि ये सभी तत्व मानवाधिकारों के हनन के कारक बने हुए हैं और देश एक दूसरे से दूर भाग रहे हैं। एक बार हम सभी नववर्ष के स्वागत में जब खड़े हैं तो एंटोनियो गुटेरेस ने नववर्ष 2024 को विश्वास के पुनर्निर्माण और आशा की




बहाली का साल बनाने की पुकार लगाई। साझा समाधानों की ख़ातिर, मतभेदों को दूर करके, एकजुट होने का आह्वान किया। जलवायु कार्रवाई, आर्थिक अवसरों और एक निष्पक्ष वैश्विक वित्तीय प्रणाली के लिए, जिसका लाभ सर्वजन को पहुँचाया जा सके इसके लिए हमें साथ मिलकर, उस भेदभाव और नफ़रत के ख़िलाफ़ खड़ा होने को कहा है जो देशों और समुदायों के बीच संबंधों में ज़हर घोल रहे हैं। उनका आह्वान है कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी नई प्रौद्योगिकियों से, कल्याण सुनिश्चित हो। संयुक्त राष्ट्र, दुनिया को शान्ति, सतत विकास और मानवाधिकारों के लिए एकजुट करने के प्रयास जारी रखेगा। आइए! 2024 को, उन सभी चीज़ों में विश्वास और आशा पैदा करने का वर्ष बनाने का संकल्प लें, जिन्हें हम साथ मिलकर पूरा कर सकते हैं।


अब सवाल यह है की महासचिव की बात को लोग गंभीरता से लेते हैं की हवा-हवाई बनाकर उड़ा देते हैं। जो भी हो, महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के सचेतन मन सकारात्मक विश्व के निर्माण की दिशा में आह्वान कर रहे हैं। उस अच्छी पृथ्वी की संकल्पना कर रहे हैं जिसमें शुद्ध हवा, शुद्ध मन, शुद्ध विचार प्रवाहित हों। शांति कायम हो। सतत विकास लक्ष्य हासिल हो सकें। ये देश जो संप्रभुता के भयंकर अहंकार में पागल हुए जा रहे हैं, उन्हें सचेत करने की कोशिश निश्चय ही मानवाधिकारों के लिए अहम हैं। यदि 2023 में भय, रक्तपात और युद्ध से हमें गाजा को विस्मरण करा रहे हों और यूक्रेन व रूस के संकट भी हम भूल रहे हों तो एंटोनियो गुटेरेस की उस दर्द भरी पुकार व अंतर्मन की पीड़ा को महसूस कर लेना चाहिए। यह हम सभी मनुष्यों के हित के लिए आह्वान है। 2024 को सँवरकर और सँवारकर चलने की आवश्यकता है। वरना हमने करोड़ों के आँखों में आँसू लाने का प्रयास पूरे वर्ष किया है। लाखों बेघर हुए। लाखों विस्थापित हुए। लाखों शरणार्थी बने। ये सब अनागरिक होकर जी रहे हैं। अनागरिक लोगों के अंतःकरण से पूछें तो पता चलेगा की अनागरिक होकर दूसरे देश में शरणार्थी बनकर कैसा जीवन होता है। जिन्हें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार का वर्ष 2023 का पुरस्कार मिला है वे अपने क्षेत्र में मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे थे। वर्षों से उन आवाजों को उठा रहे थे जिनकी कोई नहीं सुनता है। अब 2024 यह हमसे मांग कर रहा है की मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए आगे आइए और हमारी आवाज़ में अपनी आवाज़ को शामिल कर हमारे हक़ की रक्षा कीजिए। स्वयंसेवी संस्थाएं, सेवभावी लोग, आमजन के हितैशी, करुणाशील लोग व राज्य आप सब हमारे साथ आओ और हमारी आवाज़ बनो। यह संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा पत्र की 75वीं वर्षगांठ के सेलिब्रेशन का है तो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सक्षम प्राधिकारी नागरिकों के हित के लिए आगे आइए।

समय के सापेक्ष अगर चल सको और सचेतन मन से कुछ कर सकने का साहस हो, तो 2024 का यह वर्ष हमसे यह मांग कर रहा है की इस वर्ष सभी मानवाधिकारों के लिए सजग नागरिक बनकर सजग मानवाधिकार से परिपूर्ण समाज का निर्माण करें। वैयक्तिक सुख का त्याग करके यदि समष्टिगत चिंता करने वाले व्यक्ति, समुदाय, राज्य विश्व में व्याप्त आज की चुनौतियों का सचेतन मन से सामना करेंगे तो एक ऐसे भविष्य के हम निर्माता बन सकते हैं जो हमारे सुख व शांति के कारक बनें। वर्ष 2023 की अनचाही घाव को भरने में सफलता मिलेगी। यदि हमारी सद-इच्छाएं हमारे साथ होंगी तो हम अपनों की पीड़ाओं को जरूर कम कर सकेंगे। उन्हें आशा दे सकेंगे। लोकतांत्रिक स्वातंत्र्य का एहसास दे सकेंगे।

*(लेखक राष्ट्रपति के पूर्व विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं व पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

शशिधर खान



# पूर्वोत्तर में शांति के लिए शुभ नव वर्ष

नया साल पूर्वोत्तर शांति के लिए शुभ माना जा सकता है, क्योंकि 2023 समाप्त होते-होते असम और उत्तर पूर्वी राज्यों में 40 वर्षों से हिंसा का पर्याय बने यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा) के साथ त्रिपक्षीय समझौता शांति के एक नए युग की शुरूआत है। नेशनल सोसलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम (एनएससीएन - आई एम) को छोड़ दें तो उल्फा के साथ शांति समझौते के बाद पूर्वोत्तर में हिंसा और अलगाववाद पर आधारित उग्रवादी का लगभग खात्मा हो गया है । नगालैंड और मणिपुर में सक्रिय एनएससीएन के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे मजबूत और खूंखार उग्रवादी गुट उल्फा का नेटवर्क असम ही नहीं समूचे पूर्वोत्तर तक पसरा हुआ था । इसलिए उल्फा के साथ शांति समझौता सही माएने में ऐतिहासिक और बहुत बड़ी उपलब्धि है । एनएससीएन की तरह उल्फा के साथ भी सशस्त्र बलों की बदौलत और वार्ता के जरिए भी किसी नतीजे पर पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा था । एनएससीएन के स्वतंत्र संप्रभु नगालिम की मांग भारत की आजादी के समय से चली आ रही है । कुछ मुट्ठी भर अड़यिल नगा नेताओं की अव्यावहारिक हठधर्मी भारतीय संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत इस अलगाववादी गुट को आने नहीं दे रही है। लेकिन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा) के अस्तित्व में आने की कहानी 1980 के दशक के असम छात्र आंदोलन के समय से जुड़ी हे। हिंसा की बदौलत 'स्वाधीन असोम'की मांग भारत सरकार से मनवाने के लिए 1979-80 में उल्फा की नींव रखी गयी । असम छात्र आंदोलन की आड़ में यह ऐसा उग्रवाद पनपा, जिसे भारत राष्ट्र से अलग 'स्वाधीन असोम'चाहिए था, जहां असमिया के अलावे कोई अन्य न रहे ।

यह अच्छा संयोग रहा कि 29 दिसंबर को दिल्ली में हुए त्रिपक्षीय समझौते के समय उल्फा के संस्थापक अरविंद राजखोबा मौजूद थे, जो अभी-भी उल्फा के प्रमुख हैं । समझौते पर हस्ताक्षर करनेवाले को अन्य उल्फा नेता अनूप चेतिया और सशाधर चौधुरी भी संस्थापकों में से हैं । यह त्रिपक्षीय समझौता केंद्र, राज्य सरकार और उल्फा नेताओं के बीच हुआ है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण तथा शुभ यह है कि ये लोग हिंसा छोड़कर भारतीय संवैधानिक दायरे के अंतर्गत राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल होने को राजी हुए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का इस समझौते को 'ऐतिहासिक'और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 29 दिसंबर को असम का 'स्वर्ण दिवस'कहना सही है । 2009 में बांग्लादेश से प्रत्यर्पण संधि के बाद इन उल्फा नेताओं को भारत लाया गया । पहले कुछ दिन हिरासत में रखा गया, फिर शांति वार्ता शुरू हुई । 2011 से शांति वार्ताओं की जानकारी आने लगी। खुफिया अधिकारियों के प्रयास विफल होने के बाद असम के गणमान्य नागरिकों की भी मदद मिल गयी, जिसमें प्रख्यात असमिया लेखिका ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता इंदिरा गोस्वामी भी शामिल थी । मगर कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला । उल्फा हमले से निबटने के लिए सेना और केंद्रीय बल तैनात रहे, वार्ता विफल होने की खबरें आती रही । लेकिन वर्ष 2019 से 2023 के दौरान यह पक्का पता नहीं चल पा रहा था कि उल्फा से वार्ता जारी भी है या नहीं।

इस अर्थ में भी यह समझौता ऐतिहासिक है, कि वार्ता मजमून का खुलासा एक ही बार तब हुआ, जब उल्फा नेताओं को केंद्र के वार्ताकार हस्ताक्षर के लिए दिल्ली लेकर पहुंचे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में उत्तर पूर्व में शांति और विकास के लिए उठाए गए कदम सराहनीय हैं । इस दौरान 9 शांति समझौते उल्लेखनीय हैं, जो पूर्वोत्तर शांति वार्ता में कई दशकों से रोड़े थे । 2019 में इसकी शुरूआत त्रिपुरा के एनएलएफटी (नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) से हुई । उसके बाद 2020 का बोडो और ब्रू समझौता, 2021 में कर्बी एंग्लोंग, 2022 का आदिवासी समझौता के अलावे मणिपुर के सबसे पुराने उग्रवादी गुट युनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ समझौता (2023) गिनाया जा सकता है। असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवाद कई वर्षों से हिंसक झड़पों का कारण बना हुआ था। 2023 में इस पर भी केंद्र ने राज्य सरकारों में सहमति बनायी। शुरू से ही वार्ता विरोधी उल्फा संस्थापकों में से एक परेश बरूआ के बारे में कोई पक्की सूचना नहीं है कि वह अपनी हिंसक गतिविधियां म्यांमार से चलाता है या बांग्लादेश से। परेश बरूआ पर शिकंजा कसने के लिए इस बात को ध्यान में रखना होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय एक कमिटी बनाकर उल्फा की मांगों पर विचार करेगी। कई नगा गुटों से भी केंद्र का संघर्षविराम चल रहा है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मसतिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।


## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नव वर्ष का संकल्प कैसा हो

एडिथ लाव्जोय पीयर्स ने कहा है कि नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2024 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नयी उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। वक्त का पहिया चलता रहता है। कितने युग इस पहिए के आगे आए, कितने पीछे छूट गए, ऐसे ही साल आते हैं और बीत जाते हैं। संकल्प लें कि हम खुद की खुशियों के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी में भी खुशियों को लाने की कोशिश करेंगे। *- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### सबके लिए खुशी लाए



सभी को नये साल की हार्दिक शुभकामनाएं! वर्ष 2024 सभी के लिए खुशियां, शांति और समृद्धि लाए। आइए हम समावेशी और सतत विकास में योगदान देने की नई प्रतिबद्धता के साथ नये साल का स्वागत करें।
**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### समृद्धि लाए नव वर्ष



सभी को 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं! यह वर्ष सभी के लिए समृद्धि, शांति और बेहतर स्वास्थ्य लाए। यह वर्ष सभी के जीवन में समृद्धि लाए। विकसित भारत तथा आत्मनिर्भरता की भावना को 2024 में भी बनाए रखें।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### रोजगार की गारंटी दें



इस नववर्ष से सरकार केवल 'रोज़गार की गारंटी' सुनिश्चित कर सच्ची देशभक्ति व राजधर्म का निर्वहन करे। इस संसदीय चुनाव वर्ष में जनहित व जनकल्याण को समर्पित बहुजनों के उम्मीदों की सर्वजन हितैषी सरकार बनाएं, लोगों से यही पुरजोर अपील।
**-मायावती, पूर्व सीएम**

### नए लक्ष्य पाने का अवसर



मैं नव वर्ष के मौके पर सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। वर्ष 2024 सभी लोगों के लिए खुशी, शांति व समृद्धि लेकर आए।नव वर्ष हमें नए अवसरों को तलाश करने की उम्मीद तथा नए लक्ष्यों को हासिल करने की प्रेरणा देता है।
**-वाईएस जगनमोहन रेड्डी, सीएम**

## करंट अफेयर

# जरूरत पड़ने पर अमेरिका का नामोनिशान मिटा दे : किम



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना से कहा कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया उसके खिलाफ उकसावे की कार्रवाई करते हैं तो उनका 'नामोनिशान मिटा' देना चाहिए। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया ने बताया कि इसके साथ ही किम ने अमेरिकी नेतृत्व वाले अभूतपूर्व टकराव से निपटने के लिए राष्ट्रीय रक्षा को मजबूत करने का संकल्प जताया है। अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यास के विस्तार के जवाब में उत्तर कोरिया ने हाल के महीनों में इस तरह की बयानबाजी तेज कर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले तक उत्तर कोरिया इस तरह की बयानबाजी और हथियारों का परीक्षण जारी रख सकता है। पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ दल की पांच दिवसीय बैठक में किम ने कहा कि वह इस साल तीन और सैन्य जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण करेंगे, अधिक परमाणु हथियारों का उत्पादन करेंगे और हमला करने वाले ड्रोन तैयार करेंगे। पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रयास भविष्य में अमेरिका पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाने के लिए है। सेना के कमांडिंग अधिकारियों के साथ रविवार को हुई बैठक में किम ने देश के परमाणु हथियारों के संदर्भ में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा की खातिर 'सबसे कीमती हथियार' को हमले के लिए तैयार रखना जरूरी है।

## ऑफ बीट

# मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है

दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव-मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है - और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेंढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है - कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो - अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ - आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

01- JAN- COR- MAIN- Pg- 5 SAHELI_Layout 1 1/1/2024 8:14 PM Page 1

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि सहेली

मंगलवार
2 जनवरी 2024

3

नूतन वर्ष 2024



# नूतन वर्षः नई उम्मीदें.. नए संकल्प

हम नववर्ष 2024 में नई उम्मीदों के साथ प्रवेश कर चुके हैं। सभी की यही कामना है, नया वर्ष नई कामयाबियां और ढेर सारी खुशियां दे। अगर आप वाकई इस वर्ष को सार्थक, सफल और खुशहाल बनाना चाहती हैं, तो इसके लिए आपको शुरुआत से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अमल में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा।

आवरण कथा / विनीता

## हर नए दिन को बनाएं बेहतर

नए साल का आगमन सभी को बहुत उत्साहित करता है। नई उम्मीदों से भरता है। अपने बेहतर भविष्य के लिए लोग मन ही मन नई योजनाएं बनाते हैं, कुछ नए संकल्प भी लेते हैं, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद धीरे-धीरे लोगों का उत्साह ठंडा होने लगता है, वे अपने उन संकल्पों के प्रति लापरवाह हो जाते हैं, जो साल के पहले दिन लिए गए थे। फिर सब कुछ पहले की तरह मंद गति से चलने लगता है। लेकिन आप अगर नए साल के हर दिन को अपने लिए उपयोगी और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो इन बातों का विशेष ध्यान रखना होगा-



**मन से बनें मजबूत :** नया साल आपके लिए बेहतर रहे, स्वस्थ रखे, कामयाबी और खुशहाली दे, इसके लिए सबसे पहले आपके मन में दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। अर्थात साल की शुरुआत में आप जो भी संकल्प लें, उस पर कायम रहें। भले ही आपका संकल्प बहुत बड़ा ना हो, लेकिन आप खुद से जो भी वादा करती हैं, उसे हर हाल में पूरा करने की कोशिश करें। मसलन, अगर आपने रोजाना सुबह जल्दी उठकर मॉर्निंग वॉक पर जाने का संकल्प लिया है, तो हो सकता है कि कुछ दिनों के बाद आपको सही समय पर जागने में आलस महसूस हो, फिर भी हिम्मत जुटाकर उठने की कोशिश करें। इस तरह धीरे-धीरे अभ्यास के साथ आपकी सुबह उठने की आदत हो जाएगी।

**सेहत का रखें ध्यान :** अगर आप जीवन में सफलता अर्जित करना चाहती हैं, तो इसके लिए सबसे पहले सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तभी आप अपने लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में परिश्रम कर पाएंगी। इसके लिए संतुलित और पौष्टिक खान-पान अपनाएं, नियमित रूप से एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय निकालें।

**हर हाल में रहें खुश :** सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते ही हैं, यह जीवनचक्र है। इस नए साल के 365 दिन आपके लिए हमेशा एक समान होंगे, ऐसा संभव नहीं है। हो सकता है भविष्य में आपके सामने कुछ ऐसी चुनौतियां या समस्याएं आएं, जिनकी वजह से कभी आपका मन चिंतित या उदास रहे। अगर आप पहले से ही इन बाधाओं का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहेंगी तो आप प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उदास-निराश नहीं होंगी। बड़े धैर्य के साथ हर मुश्किल का सामना करने में सक्षम रहेंगी। इसलिए साल की शुरुआत में खुद से यह वादा करें, 'चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे हर हाल में खुश रहना ही है।' जब भी मन तनावग्रस्त हो, तो अपने इस संकल्प को याद करें, तो इससे आपको अपनी उदासी दूर करने में मदद मिलेगी।

**बनें वक्त के पाबंद :** जो लोग समय की कीमत पहचानते हुए इसका सदुपयोग करते हैं, वही जीवन में आगे बढ़ते हैं। इसलिए इस वर्ष की शुरुआत से ही ठान लें कि आप अपनी दिनचर्या को इस ढंग से सुव्यवस्थित करेंगी कि आपके कीमती वक्त का एक भी पल बर्बाद ना हो। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। आज के कार्य को कल पर टालने की आदत से बचें। जहां तक संभव हो मोबाइल या गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें, ताकि आप अपने कीमती वक्त का सही इस्तेमाल कर सकें।



**अपनी प्राथमिकताएं पहचानें :** अपने कार्यों की प्राथमिकता को पहचानते हुए उन्हें उसी के अनुसार पूरा करने की कोशिश करें। जो कार्य आपके लिए ज्यादा जरूरी हों, उसे सबसे पहले पूरा करें। उसके बाद ही अन्य कार्यों पर ध्यान दें। अगर आपने इस साल के लिए कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित किया है, तो उस पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए पूरी एकाग्रता से पूरा करने की कोशिश करें।

**अपना भी रखें खयाल :** अंत में सबसे जरूरी बात यह है कि जीवन की तमाम जिम्मेदारियों के बीच आप स्वयं को ना भूल जाएं। अगर आप दूसरों के बीच प्यार और खुशियां बांटना चाहती हैं, तो पहले खुद से भी प्यार करना सीखें, क्योंकि जब आप स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी, तभी अपने करीबी लोगों का भी खयाल रख पाएंगी। अपने आराम के लिए भी थोड़ा समय निकालें और खुद के लिए भी जीना सीखें। अपनी रुचि से जुड़े उन रचनात्मक कार्यों के लिए समय जरूर निकालें, जिनसे आपको सच्ची खुशी मिलती है।

अगर आप मजबूत इरादे के साथ इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो यह नया वर्ष निश्चित रूप से आपके लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आएगा।

## अपनी दिनचर्या को दें सुकून

अकसर ही लोग साल के अंत में, नए साल में किसी अच्छे काम की शुरुआत की बात करते हैं। दरअसल, नए साल की आहट के साथ ही मन भी नए सपने देखने लगता है। नववर्ष में किए जाने वाले कार्यों की योजना तैयार होने लगती है। नए संकल्प लेने का मानस बनने लगता है। कुछ लोग अपने स्किल बढ़ाने का संकल्प लेते हैं तो कुछ लोग किसी बुरी आदत को छोड़ने या अपने किसी छूटे हुए शौक को फिर से शुरू करने का संकल्प लेते हैं। किसी भी अवसर को आधार बनाकर संकल्प लेना हमारा स्वभाव है। बहुत बार इन्हीं अवसरों की प्रतीक्षा में हम संकल्प लेना टालते भी रहते हैं। समय बदल रहा है और इसके साथ ही हमारी जीवनशैली भी। तो क्यों ना आरंभ हुए नववर्ष पर कुछ नए और अलग तरह के संकल्प लें, जो हमारी दिनचर्या को सुकून दें, हमें खुश रखें।



### पड़ोसी से बात करने का संकल्प

आजकल लोगों का आपसी मेल-जोल बहुत कम हो गया है। आस-पास रहने वाले लोग एक-दूसरे से परिचित नहीं होते हैं। यहां तक कि सामने पड़ जाने पर पहचानते भी नहीं। फिर जब कभी पता चलता है कि अमुक व्यक्ति तो हमारे बिल्कुल पास केवल दो घर छोड़कर ही रहता है तो बहुत शर्मिंदगी महसूस होती है। तो इस साल यह संकल्प लीजिए कि सामने पड़ने वाले हर पड़ोसी का अभिवादन अवश्य करेंगे।

**अपनों को फोन करने का संकल्पः** नौकरी और पढ़ाई के सिलसिले में बहुत सी युवतियों लड़कियों का अपने परिजनों से दूर रहना स्वाभाविक है, लेकिन घर से बाहर की चकाचौंध में वे भूल जाते हैं कि उनके परिजन उनका हाल-चाल जानने के लिए बेचैन रहते हैं, उनके कान उनकी आवाज सुनने के लिए सदा फोन की घंटी पर लगे रहते हैं। तो यह भी संकल्प है कि दिनभर चाहे कितने भी व्यस्त हों, लेकिन रात को सोने से पहले एक फोन अपने प्रियजन को अवश्य करेंगे। सप्ताह में कम से कम एक दिन वीडियो कॉल भी। इसे आदत बनाइए और अपनों के प्यार और आशीर्वाद को अपने आस-पास महसूस कीजिए।

**स्क्रीन समय कम करने का संकल्प :** मोबाइल या लैपटॉप हमारी जिंदगी का आवश्यक हिस्सा हैं, लेकिन बहुत बार ऐसा होता है कि हम निरर्थक ही स्क्रीन को स्क्रॉल करते रहते हैं और बाद में पछताते हैं कि कितना सारा कीमती समय नष्ट कर दिया। यह गैजेट्स हमारी सुविधा के लिए हैं, लेकिन हमने इन्हें अपनी आदत या यूं कहिए कि लत बना लिया है। तो इस वर्ष स्क्रीन टाइम कम करने का संकल्प भी लें।

**बच्चे को देखकर मुस्कुराने का संकल्प :** इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में चेहरों से मुस्कुराहटें और हंसी कम होती जा रही हैं। जिंदादिली का आवश्यक अंग खोता जा रहा है। ऐसे में केवल शिशुओं के चेहरों पर ही निश्छल मुस्कान बची है, तो आइए इस नए साल पर शिशुओं और छोटे बच्चों को देखकर मुस्कुराने का संकल्प लें। चाहे बस-ट्रेन हो या ऑटो-मेट्रो, मॉल हो या चौराहे वाली दुकान, जहां कहीं भी किसी बच्चे को देखें, उसकी तरफ देखकर प्यार से मुस्कुराइए और बदले में ढेर सारी आंतरिक खुशी पाएं। यकीन मानिए धीरे-धीरे आपको भी मुस्कुराने की आदत पड़ जाएगी और जिंदगी खूबसूरत लगने लगेगी।

-आशा शर्मा

## नन्हे-मुन्नों के लिए नए रूल्स

नया साल दस्तक दे चुका है। हर एज ग्रुप के लोग कुछ खास करने की प्लानिंग कर रहे हैं। ऐसे में घर के बड़े नए साल में बेहतरी की ओर बढ़ने के रेजॉल्यूशन बनाते हुए बच्चों को भी ना भूलें। कई छोटी-छोटी बातें नए साल में नियम बनकर बालमन को भी दिशा दे सकती हैं। बच्चों को सधी हुई जीवनशैली से जोड़ सकती हैं। खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी और अच्छे बिहेवियर तक। बच्चों के लिए भी पैरेंट्स न्यू ईयर रेजॉल्यूशन जरूर बनाएं। यकीन मानिए, बच्चे भी इससे खुश होंगे।

**खूब बातें करेंगेः** नए साल में बच्चों से खूब बातें करने का नियम बनाएं। आजकल बच्चे भी गुमसुम रहने लगे हैं। ऐसे में बच्चों से स्कूल, पार्क, दोस्तों, सोसायटी और परिवार के लोगों से बातें करने का रेजॉल्यूशन बनाएं। घर के छोटे सदस्यों से कहें कि वे बड़ों के साथ अधिक से अधिक बातें साझा करने के रूल को फॉलो करें। इससे ना केवल आपसी संवाद बेहतर होगा बल्कि बच्चों के मन की उथल-पुथल भी सामने आएगी। भावनाओं और विचारों के बारे में खुलकर बतियाना कभी बड़ों को समय रहते चेता देगा तो कभी उनकी मनःस्थिति को समझाने वाला साबित होगा।



**स्क्रीन फ्री टाइम बिताएंगे :** इस एक संकल्प के बिना दूसरी एक्टिविटीज को पूरा करना मुश्किल है। बच्चों की हेल्थ को नुकसान पहुंचाने से लेकर सुरक्षा तक खतरा बनी, वर्चुअल दुनिया को दिए जा रहे समय की कटौती जरूरी है। गैजेट्स से पूरी तरह दूर नहीं हुआ जा सकता पर टाइम कम देने का रेजॉल्यूशन बनाकर हर चीज के लिए समय निकाला जा सकता है। अपनी पसंद के अनुसार कुछ नया सीखने या स्पोर्ट्स खेलने की बात हो या समय से सोने-जागने और पढ़ाई-लिखाई का नियम हो, स्मार्ट गैजेट्स की व्यस्तता बच्चों को कुछ भी समय पर नहीं करने देती।

**वीकली शेड्यूल बनाएंगेः** बच्चों के लिए हर दिन का शेड्यूल बनाना जरा मुश्किल हो सकता है। वीकली अपने रुटीन के अनुसार एक्टिविटीज करने के लिए कुछ नियम बनाए जाएं तो बहुत कुछ किया जा सकता है। पढ़ने-खेलने या मन का कुछ करने का समय मिल सकता है। वे अपनों के साथ वक्त बिता पाते हैं। यह साथ और संवाद बालमन के व्यवहार और सोच को भी दिशा देता है। अपनी पसंद की फिल्म देखने या पार्क में खेलने का वक्त निकालना भी आसान हो जाता है। हर समय उलझे रहने के बजाय हर काम का समय बंट जाने से बहुत सी गतिविधियां करने का समय निकल आता है।

**कॉमन रूल्स :** बच्चों को हंसी-खुशी जिंदगी को साधने-समझने की सीख देने वाले ऐसे रूल्स का पालन घर के बड़ों को भी करना होगा। कॉमन रूल्स की इस फेहरिस्त में साथ खाना खाने, विनम्र व्यवहार करने, एक-दूसरे का सहयोग करने, किताबें पढ़ने, आउटडोर गेम्स खेलने, सोशलाइज करने और वर्चुअल दुनिया के बजाय अपनों के साथ समय बिताने जैसे संकल्प भी जोड़े जा सकते हैं। अकसर बच्चों से पहले बड़े इन साझा संकल्पों से दूरी बना लेते हैं। नई पीढ़ी को सिखाने के लिए आपका भी उस राह पर चलना जरूरी है।

-डॉ. मोनिका शर्मा




सलाह / सरस्वती रमेश

## अपने रिश्तों को सहेजें

आज हर कोई अपनी जिंदगी में व्यस्त है। कुछ तो इतना ज्यादा व्यस्त हैं कि इनके पास अपने रिश्तेदारों क्या, परिवार के लिए भी समय नहीं है। ऐसे लोग अपनों से दूर होते जाते हैं, अकेले हो जाते हैं। यह सही नहीं है। तो क्यों ना नए साल में हमारा एक रेजॉल्यूशन यह भी हो कि इस साल अपने रिश्तों को सहेजेंगे, परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के बीच जाकर प्यार-मिठास घोलेंगे। हम यह जरूर समझें कि हमारे जीवन में रिश्ते क्यों अहम हैं।

**रिश्तों से आसान हो जाता है जीवनः** सबसे पहले हम यह जानें कि घर-परिवार एक ऐसी जगह है, जो हमें हमारी सभी कमियों के साथ पूरी तरह स्वीकार करता है। हमारे सुख-दुख में साथ खड़ा होकर हमारा हौसला बढ़ाता है, हमें हिम्मत देता है। परिवार और रिश्तेदारों से मिलने वाला सहयोग बेशर्त होता है और हमसे भी बदले



में बेशर्त समर्पण और लगाव की कामना करता है। अगर अपने साथ हों तो सुख दोगुना हो जाता है, दुख आधा होकर मिट जाता है। जिस तरह किसी के साथ होने से सफर आसान लगता है, उसी तरह रिश्तों के साथ से जीवन आसान लगता है। किसी संकट या उलझन में फंसने से हम बच जाते हैं। तो इस नए साल में रिश्तों में ऊष्मा भर अपनी खुशियों को दोगुना करें।

**रिश्ते हमें बिखरने नहीं देते :** जीवन में कई बार ऐसा कुछ घट जाता है, जब हम टूट जाते हैं, बिखर जाते हैं। हताशा-निराशा से घिरकर अपने आपको बहुत अकेला और बहुत कमजोर समझते हैं। हमें अपना भविष्य अंधकारमय लगता है। ऐसे में आर्थिक मदद से ज्यादा हमें भावनात्मक संबल की जरूरत होती है। किसी के साथ और उसके भावनात्मक सहारे के बल पर हमें घोर निराशा की स्थिति में एक आशा दिखने लगती है। उसकी संबल भरी बातों के सहारे हम कठिन से कठिन परिस्थितियों से निकल कर खड़े होने की हिम्मत जुटा पाते हैं। इसलिए अपने रिश्तों को सहेजना, उन्हें समय-समय पर प्रेम-स्नेह और लगाव के जल से सींचते हुए हरा-भरा रखना जरूरी है। ये रिश्ते ही होते हैं, जो जीवन में छायी तपती धूप में हमें अपनी शीतल छांव देकर राहत देते हैं। इसलिए नए साल के संकल्पों में एक संकल्प अपने रिश्ते निभाने और गहराने का भी लें।




अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

साल बदलने के साथ ड्रेसअप ट्रेंड में काफी चेंज देखने को मिलता है। इस साल भी ड्रेसअप और फैशन स्टाइलिंग में काफी कुछ नया देखने को मिलेगा तो कुछ ट्रेंड बीते साल के भी नजर आएंगे। साल 2024 के फैशन ट्रेंड में क्या कुछ होगा इन और क्या होगा आउट, जानिए।

# इस साल छाया रहेगा इन फैशन ट्रेंड्स का जादू



फैशन-2024 / मीनाक्षी खंडेलवाल
फैशन डिजाइनर





जिस तरह नया साल शुरू होने पर हम हर फील्ड में आ रहे लेटेस्ट चेंज को अपनाने के लिए एक्साइटेड रहते हैं, उसी तरह फैशन की दुनिया में भी पुराने ट्रेंड को विदा कर नया फॉलो करना जरूरी होता है, तभी तो आप अपटुडेटेड कहलाएंगी। आप जरूर जानना चाहेंगी कि इस नए साल में फैशन वर्ल्ड में क्या कुछ नया आने वाला है या क्या ट्रेंड करेगा? इसीलिए हम आपको यहां बता रहे हैं, नए साल के फैशन ट्रेंड्स के बारे में।

**वेलवेट बिखेरेगा अपना जादू :** अगर फैब्रिक की बात करें तो इस साल वेलवेट का फैशन आपको ट्रेंड में दिखाई देगा। आपको वेलवेट में सेल्फ प्रिंट या फिर एंब्रॉयडरी वर्क भी काफी देखने को मिलेंगे।

**मोडेस्ट और सस्टेनेबल फैशन :** साल 2024 में आपको एक नया ट्रेंड मोडेस्ट ड्रेसिंग यानी सिंपल ड्रेसिंग का ट्रेंड देखने को मिलेगा। वहीं सर्दियों के लिए विंटेज, हेयरलूम और सिंपल फैशन भी दिखाई देगा। इसके साथ ही ऐसे फैशन का ट्रेंड रहेगा, जिसमें एंवॉयर्नमेंट को कोई नुकसान ना पहुंचे। इसके लिए सस्टेनेबल फैशन को बढ़ावा मिलेगा यानी ज्यादा वैरिएशन के बजाय एक ही प्रकार की ड्रेसेस को रिपीट करने का फैशन ट्रेंड में रहेगा। हर ऑकेजन के लिए नई ड्रेस कैरी करने के ट्रेंड पर ब्रेक लगेगा। ऐसे आउटफिट्स फैशन में आएंगे, जो सस्टेनेबल 'टिकाऊ' होंगे और इसके लिए फैब्रिक की क्वालिटी पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। इस साल शो ऑफ के बजाय कंफर्ट पर अधिक कंसंट्रेट किया जाएगा।

**जेंडर न्यूट्रल/यूनिसेक्स स्टाइलिंग :** ये ऐसे ड्रेसेस होते हैं, जो हर बॉडी टाइप पर सूट करते हैं। इस फैशन में जेंडर शामिल नहीं होता है। यानी इन्हें मेल और फीमेल दोनों कैरी कर सकते हैं। वैसे ऐसी ड्रेसेस में मेल्स के लिए पिंक कलर और फीमेल्स के लिए ब्लू कलर पसंद किए जाएंगे। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसेस बिना किसी भेदभाव के लड़का या लड़की को अपनी पसंद चुनने में मदद करते हैं। हालांकि इस फैशन ट्रेंड को साल 2023 में भी काफी पसंद किया गया था।



**कैप फैशन में दिखेगी वैरायटी :** वैसे तो कैप का ट्रेंड नया नहीं है, लेकिन ऐसी संभावना है कि इस साल कैप के साथ नए प्रयोग किए जाएंगे। इससे आपको नया फील और लुक मिलेगा। साड़ी, ट्रेडिशनल गाउंस, सलवार-सूट या फिर लहंगे के साथ भी कैप कैरी करने का ट्रेंड इस साल दिखाई देगा। इससे बिल्कुल नया लुक मिलेगा।

**क्रॉप चोली ब्लाउज:** लहंगे और साड़ी के साथ ब्लाउज में कुछ नए प्रयोग देखने को मिल सकते हैं। इसमें क्रॉप चोली कट ब्लाउज डिजाइन के साथ ब्लाउज डिजाइन में कई पैटर्न और वैरायटी देखने को मिलेंगे। ब्लाउज की स्लीव्स और नेकलाइन के साथ भी काफी कुछ नया लुक देखने को मिलेगा। जहां स्लीव्स में थ्री फोर्थ या फुल लेंथ देखने को मिलेगी, वहीं ब्लाउज की नेकलाइन की बात की जाए तो इसमें डीप नेकलाइन स्टाइल पसंद किए जाएंगे।❁ **प्रस्तुति : स्वाति**

## ड्रेस सेलेक्ट करते समय कंफर्ट का रखें ध्यानः शुभांगी अत्रे



एंड टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभा रहीं शुभांगी अत्रे नए साल के फैशन स्टाइल और उनके फेवरेट ड्रेसिंग के बारे में पूछे जाने पर बताती हैं, 'फैशन एक पर्सनल स्टाइल स्टेटमेंट है। इसलिए इस बात पर ध्यान देना सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप जो ड्रेस पहनने वाली हैं, वो आपकी पर्सनालिटी को निखारे, फिर चाहे वह इंडियन हो या वेस्टर्न ड्रेसअप। आप जो भी ड्रेस पहनें, वो आपके लिए कंफर्टेबल होनी चाहिए। इसके साथ ही फैब्रिक, डिजाइन और कलर भी बहुत मायने रखता है। मेरा मानना है कि आपको अपनी ड्रेस के फैब्रिक और डिजाइन की बारीकी को ध्यान में रखकर मैचिंग मेकअप और एसेसरीज का भी सेलेक्शन करना चाहिए। इस नए साल पर स्पेशल ऑकेजन में मैं ब्लैक मैटेलिक मिनी ड्रेस पहनूंगी। हैवी ज्वेलरी और मेकअप को अवॉयड करूंगी। लेकिन जब मैटेलिक जैसा कुछ पहनते हैं, तो उस पर एलीगेंट ज्वेलरी के साथ स्मोकी लुक और ब्राइट लिपस्टिक एक बेहतरीन ड्रामेटिक अपीयरेंस देता है। पार्टी वियर के लिए लंबे ईयररिंग्स या डिजाइनर नेक पीसेज कैरी करने के साथ लाइट मेकअप सूट करता है। मुझे लगता है कि हमें वही ड्रेस पहननी चाहिए, जो हमें कंफर्ट फील कराते हों। हमारी पर्सनालिटी को सूट करने वाले कट, डिजाइन, कलर और फैब्रिक सबसे अच्छे लगते हैं। कभी-कभी हमारा मूड, सीजन और ऑकेजन भी ड्रेस सेलेक्शन को प्रभावित करता है। जैसे अकसर हम पार्टीज में ज्यादा जैजी ड्रेस पहनना पसंद करते हैं, लेकिन आप अपनी पर्सनालिटी के अनुसार ब्लैक, रेड या बॉटल ग्रीन जैसे ब्राइट या वाइब्रेंट कलर्स की ड्रेसेस भी चुन सकती हैं। आप मौजूदा डिजाइंस या पैटर्न्स पर भी फोकस कर सकती हैं, लेकिन आप जो भी पहनने वाली हों, वो आपकी स्टाइल और फिगर को सूट करना चाहिए।'❁ **प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स**

हेल्थ एडवाइस

डॉ. रिचा दीवान, सीनियर फिजिशियन, सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

कल से शुरू हुए नए साल के लिए आपने कई गोल्स डिसाइड किए होंगे। इन्हें अचीव करने के लिए आपको हेल्दी-फिट रहना जरूरी है। हेल्दी-फिट आप तभी रहेंगी, जब कुछ हेल्थ रेजॉल्यूशंस को फॉलो करेंगी।



# तब आप रहेंगी पूरे साल हेल्दी

आप जरूर चाहेंगी कि शुरू हुए नए साल में आप हेल्दी रहें ताकि पूरी एनर्जी के साथ अपने टार्गेट्स को पाने का प्रयास कर सकें। इसके लिए आपको अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में कुछ रूल्स को फॉलो करना होगा।

**फ्रेश-हेल्दी डाइट :** हेल्दी रहने के लिए आप घर का बना खाना ही खाएं, क्योंकि घर में बनाए खाने में अधिक न्यूट्रिएंट्स होते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि आपकी डाइट में सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन, कार्ब्स, विटामिंस और मिनरल्स उपस्थित हों। बहुत ज्यादा फैटी, स्पाइसी और ऑयली फूड्स खाने से बचें। आप अगर फिगर-कॉन्शस हैं तो भी स्लिम दिखने के लिए कीटो डाइट, लो कार्बोहाइड्रेट डाइट या मेडिटेरेनियन जैसी डाइट को बिना किसी एक्सपर्ट एडवाइस के फॉलो ना करें। इसके बजाय न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड डाइट लेना फायदेमंद होगा। हेल्दी रहने के लिए खाने की प्लेट को ज्यादा से ज्यादा कलरफुल बनाएं यानी उसमें कई रंगों की सब्जियां शामिल करें। डेली सीजनल और फ्रेश फ्रूट्स खाने की हैबिट भी बहुत यूजफुल है। इसके अलावा जंक फूड, स्ट्रीट फूड, पैक्ड फूड और हर तरह के फास्ट फूड्स अवॉयड करें। ऑन द स्पॉट कुकिंग के नाम पर मिलने वाले ज्यादातर स्ट्रीट फूड बासी होते हैं, जिन्हें गर्म करके सर्व करने पर उनकी पौष्टिकता कम हो जाती है। चारकोल पर बने ग्रिल्ड फूड खाने में भले ही अच्छे लगें, कार्बनयुक्त धुएं की वजह से ये हेल्थ के लिए नुकसानदायक होते हैं। प्रीजर्वेटिव युक्त इंस्टेंट फूड्स से परहेज करना भी जरूरी है।



**डिटॉक्सीनेशन :** रोजाना कम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीएं। दिन में एकाध बार एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ग्रीन टी, हर्बल टी या सुबह खाली पेट डिटॉक्स वॉटर भी ले सकती हैं। ये ना केवल आपके शरीर से फ्री रेडिकल्स यानी टॉक्सिक मैटर को बाहर निकाल कर आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारु रूप से चलाने में मदद भी करता है। पानी की कमी या डिहाइड्रेशन होने पर चिड़चिड़ापन, कंसंट्रेशन में कमी आती है और तनाव भी बढ़ता है। लेकिन लिक्विड के तौर पर सॉफ्ट ड्रिंक्स, डाइट ड्रिंक्स या एनर्जी ड्रिंक्स को अवॉयड करें। इनमें मौजूद प्रीजर्वेटिव और एसिडिक तत्व डाइजेस्टिव सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं। इनके बजाय नीबू पानी, नारियल पानी या बिना चीनी के फ्रूट जूस पीना बेहतर है।

**फिजिकल एक्टिविटी :** अधिकतर वर्किंग और घरेलू महिलाएं बिजी रहने की वजह से अपनी फिटनेस को इग्नोर करती हैं। लंबे समय तक फिट और एक्टिव बने रहने के लिए कितनी भी बिजी रहें एक्सरसाइज के लिए कुछ टाइम जरूर निकालें। कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहना, सिगरेट पीने जितना खतरनाक होता है। इसलिए जरूरी है कि लंबे समय तक एक ही जगह बैठ कर काम ना करें, ब्रेक लेती रहें। स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज या कमरे में वॉक तो कर ही सकती हैं। सुबह या शाम वॉकिंग और एक्सरसाइज जरूर करें।



**रेग्युलर मेडिटेशन:** रोज सुबह कम से कम 10 मिनट मेडिटेशन जरूर करें। इससे आप स्ट्रेस से दूर रहेंगी। आपकी याददाश्त तेज होगी और आप दिन भर के लिए पॉजिटिव सोच से भर जाएंगी। मेडिटेशन करने से ब्रेन पॉजिटिव हार्मोंस रिलीज करता है, जो शरीर में एंटी एजिंग और एंटी डिजीज वाइब्स का संचार करता है। यह मेंटल हेल्थ को इंप्रूव कर ब्रेन पॉवर और मेमोरी को भी बूस्ट करता है। इम्यून सिस्टम को सुचारु रूप से चलाने में मदद करता है और कई मानसिक समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। स्ट्रेस कम कर एनर्जी बढ़ाने में हेल्पफुल है। आज की स्ट्रेसफुल लाइफ में टेंशनफ्री रहने के लिए यह बहुत इफेक्टिव तरीका है।

**फिक्स स्लीप टाइमः** आज के दौर में अधिकतर लोग गैजेट्स में बिजी रहने की वजह से देर रात तक जागते हैं, जिससे नींद पूरी नहीं हो पाती। यह आपके हेल्थ पर बुरा प्रभाव डालती है। इसलिए इस साल हेल्दी रहने के लिए देर रात तक जागने के बजाय जल्दी सोने का खुद से प्रॉमिस करें। अच्छी हेल्थ के लिए रात में फिक्स टाइम पर सोना और जल्दी उठना बहुत कारगर है।

इस तरह यहां दिए गए एडवाइसेस को फॉलो करने से ना केवल इस पूरे साल बल्कि आने वाले कई साल तक आप हेल्दी-फिट रहेंगी।❁

**प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा**

नया साल शुरू होते ही यंग वूमेन और कॉलेज गोइंग गर्ल्स में खासतौर पर इस बात को जानने को लेकर काफी क्रेज रहता है कि मेकअप और ब्यूटी में क्या कुछ ट्रेंड करेगा? इसीलिए हम यहां बता रहे हैं इस साल ट्रेंड में रहने वाले ब्यूटी-मेकअप ट्रेंड के बारे में।

# इस साल क्या होंगे मेकअप-ब्यूटी ट्रेंड्स

मेकओवर-2024 / पूजा गोयल, ब्यूटी एक्सपर्ट





साल 2024 शुरू हो चुका है। जिस तरह साल बदलते ही हमारी लाइफ में काफी कुछ बदल जाता है, उसी तरह मेकअप और ब्यूटी ट्रेंड में भी बहुत कुछ चेंज देखने को मिलता है। अगर आप भी अपने लुक को लेकर कॉन्शस रहती हैं तो इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री के ट्रेंड्स के बारे में जरूर जानना चाहेंगी। आइए जानते हैं इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री में मेकअप, स्किन केयर और हेयर स्टाइल में आने वाले ट्रेंड्स के बारे में।

**स्किन केयर :** इस साल स्किन केयर के लिए होम मेड प्रोडक्ट्स अधिक इस्तेमाल किए जाएंगे। स्किन की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने के बजाय नेचुरल प्रोडक्ट्स से बनी हर्बल बेस्ड प्रोडक्ट का ट्रेंड रहेगा। स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए सीरम का इस्तेमाल अधिक किया जाएगा।

**मेकअप ट्रेंडः** अगर इस साल के मेकअप ट्रेंड की बात करें तो यह आपकी पसंद पर निर्भर करेगा। अगर आपको लाइट मेकअप करना पसंद है तो न्यूड मेकअप फॉलो कर सकती हैं, क्योंकि इस साल न्यूड मेकअप लुक ट्रेंड भी करेगा। इसके अलावा मेकअप ट्रेंड में ग्लॉसी मेकअप और स्मोकी आइज लुक को भी काफी पसंद किया जाएगा। इस साल कम प्रोडक्ट यूज करने वाले मेकअप जैसे चिक टिंट, लिपस्टिक और कलर आई पेंसिल का इस्तेमाल करके इजी मेकअप लुक ट्रेंड में होगा। इसे ऑफिस और डेली यूज में अप्लाई किया जा सकता है। वहीं टीनएज गर्ल्स की बात करें तो उनके लिए ग्राफिक आई मेकअप, फ्लोटिंग आई लाइनर और कलरफुल आई मेकअप का भी ट्रेंड रहेगा। इस तरह के मेकअप, पार्टी लुक के लिए परफेक्ट रहेंगे। इसके अलावा प्रेस नेल्स या स्टिक ऑन नेल्स का भी चलन होगा। आईब्रोज के लिए आईब्रो एक्सटेंशन को काफी पसंद किया जाएगा। साथ ही नेचुरल प्रोडक्ट्स बेस्ड मेकअप लुक ट्रेंड में बना रहेगा।

**हेयर स्टाइल ट्रेंड :** इस साल हेयर स्टाइल में बन हेयर स्टाइल, ब्रेड चोटी हेयर स्टाइल का ट्रेंड काफी चलेगा। ये हेयर स्टाइल्स, वेस्टर्न और इंडियन दोनों तरह के ड्रेसअप लुक के साथ ट्राई किए जा सकते हैं। साथ ही ओपन स्लीक हेयर स्टाइल को भी काफी पसंद किया जाएगा। इन स्टाइल्स के साथ अलग-अलग तरह के हेयर एसेसरीज भी ट्रेंड करेंगे। इन्हें भी आप ट्राई कर सकती हैं। वहीं हेयर केयर में बालों की ग्रोथ के लिए एलोवेरा जैल, तुलसी और नारियल तेल जैसे घरेलू नुस्खे भी ट्रेंड करेंगे।❁

**प्रस्तुति : ललिता गोयल**

अगर न्यू ईयर ईव पर आप पार्टी नहीं कर पाईं तो आज भी फ्रेंड्स के साथ गेट टूगेदर पार्टी कर सकती हैं। इसमें गेस्ट्स के लिए स्पेशल डिशेज घर पर ही तैयार कर सकती हैं। हम आपको बता रहे हैं पार्टी स्पेशल डिशेज की रेसिपी।

# पार्टी स्पेशल डिशेज

रेसिपी / शिल्पी गोयल, डाइटिशियन-न्यूट्रिशनिस्ट

### वेज सीज्लेर



**सामग्री :** बेबी कॉर्न-80 ग्राम, ब्रोकली-30 ग्राम, हरी शिमला मिर्च-30 ग्राम, लाल शिमला मिर्च-30 ग्राम, गाजर-30 ग्राम, बींस-30 ग्राम, प्याज भाजी-30 ग्राम, बटर-5 ग्राम, लहसुन-3 ग्राम, रेड चिली फ्लेक्स, सोया सॉस, ओट्स फ्लोर-10-10 ग्राम, पनीर-25 ग्राम, पत्ता गोभी-20 ग्राम, प्याज, हरी मिर्च, नमक- स्वादानुसार

**विधि :** सबसे पहले फ्राइंग पैन गर्म कर इसमें बटर डालें। अब उसमें लहसुन, हरी मिर्च, प्याज डालकर भूनें। इसके बाद सारी सब्जियां डालकर अच्छे से भूनकर नमक डालकर अलग रख दें। अब गार्लिक (लहसुन) सॉस बनाने के लिए ओट्स का बैटर तैयार कर लें। एक पैन में बटर डालकर गर्म करें। मेल्ट होने पर उसमें गार्लिक, ओट्स बैटर, चिली फ्लेक्स, नमक, सोया सॉस मिलाकर अच्छे से उबाल लें। तैयार है वेज सीज्लेर और गार्लिक सॉस।❁

### चॉकलेट बनाना स्मूदी



**सामग्रीः** दूध-2 गिलास, केले-2-3, चॉकलेट आइसक्रीम-1 कटोरी, बॉर्नविटा-4 चम्मच, काजू-10-12, चॉको पावडर-आवश्यकतानुसार

**विधि :** पहले एक मिक्सी जार में दूध डालें, फिर उसमें केले, बॉर्नविटा, चॉकलेट आइसक्रीम और काजू डालें। इसे अच्छे से ग्राइंड कर लें। 2 मिनट फेटें, फिर इसमें चॉको पावडर डालें। एक बार इसको फिर से ग्राइंड करें। आपका चॉकलेट बनाना स्मूदी तैयार है। अब इसे आइसक्रीम और ड्राई फ्रूट्स से गार्निश करें और मेहमानों को सर्व करें।❁

### स्वीट कॉर्न कबाब



**सामग्रीः** होल स्वीट कॉर्न-4, बेसन-2 चम्मच, उबला आलू-1, नमक-1 चम्मच, गरम मसाला-1/2 चम्मच, चाट मसाला-1/2 चम्मच, लाल मिर्च-1 चम्मच, हरी मिर्ची-2, अदरक-छोटा टुकड़ा, धनिया पत्ता, तेल-आवश्यकतानुसार

**विधि :** स्वीट कॉर्न कबाब बनाने के लिए स्वीट कॉर्न कोन को छील कर प्रेशर कुकर में उबाल लें। ठंडा होने के बाद उसके दाने निकाल लें। मिक्सर में हरी मिर्च और अदरक दरदरा पीस लें। अब इसमें मैश करके उबले आलू, सूखे मसाले, बेसन और धनिया पत्ता डालकर मिक्स कर लें। अब एक पैन को गैस पर रखें और तेल डालें। अब मिश्रण से कबाब बनाकर पैन में दोनों तरफ से क्रिस्पी होने तक फ्राई कर लें। इसे हरी चटनी या टोमेटो सॉस के साथ सर्व करें।❁






## प्रथम पृष्ठ का शेष

### क्रास फायरिंग में...

डीआरजी के दो जवान हुए है। वहीं नक्सलियों के क्रॉस फायरिंग में मुतवण्डी गांव के एक छह माह की बच्ची की मौत हो गई है वहीं बच्ची की मां के हांथ में गोली लगने से चोट आई। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार की सहायता के लिए एएसपी बीजापुर तत्काल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल महिला को उपचार के लिए पुलिस द्वारा अस्पताल रवाना किया गया है।

### ब्लैकहोल की रहस्यमयी...

अवलोकन की इसकी क्षमता के अलावा ब्लैक होल, न्यूट्रॉन तारे और सक्रिय गैलेक्सीय नाभिक जैसी आकाशीय वस्तुओं के एक्स-रे ध्रुवीकरण माप के अध्ययन से उनकी भौतिकी की समझ में सुधार लाया जा सकता है। इसरो के सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान से अंतरिक्ष में ले जाने वाले पेलोड में से एक को महिलाओं ने बनाया है, जिसके कारण भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसे देश के लिए प्रेरणा बताया है। पीएसएलवी-सी58 रॉकेट अपने 60वें मिशन पर मुख्य पेलोड एक्सपोसैट को लेकर गया और उसे पृथ्वी की 650 किलोमीटर निचली कक्षा में स्थापित किया। बाद में वैज्ञानिकों ने पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल (पोअम) प्रयोग करने के लिए उपग्रह की कक्षा को कम कर इसकी ऊंचाई 350 किलोमीटर तक कर दी। मिशन नियंत्रण केंद्र में इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा, आप सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं। एक जनवरी 2024 को पीएसएलवी का एक और सफल अभियान पूरा हुआ। पीएसएलवी-सी58 ने प्रमुख उपग्रह एक्सपोसैट को निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा, इस बिंदु से पीएसएलवी के चौथे चरण की कक्षा सिमटकर निचली कक्षा में बदल जाएगी जहां पीएसएलवी का ऊपरी चरण जिसे 'पोअम' बताया गया है वह पेलोड के साथ प्रयोग करेगा और उसमें थोड़ा वक्त लगेगा।

**60वीं उड़ान का जश्न**-मिशन निदेशक जयकुमार एम. ने कहा, मुझे पीएसएलवी की 60वीं उड़ान की सफलता का जश्न मनाने के लिए बेहद खुशी है। उन्होंने कहा, जो चीजें इस मिशन को और दिलचस्प बनाती हैं उनमें नयी प्रौद्योगिकियां हैं जिन्हें पोअम 3 प्रयोग में दिखाया जा रहा है, हमारे पास सिलिकॉन आधारित उच्च ऊर्जा वाली बैटरी, रेडियो उपग्रह सेवा है। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक पेलोड पूरी तरह से महिलाओं द्वारा बनाया उपग्रह है।

### जापान की धरती डोली...

'एनएचके टीवी' ने चेतावनी दी कि समुद्र में पांच मीटर तक लहरें उठ सकती हैं। इसने लोगों से जल्द से जल्द ऊंचे स्थानों या पास की इमारत की ऊपरी मंजिलों पर चले जाने का आग्रह किया। जापान के सरकारी प्रसारणकर्ता एनएचके टीवी के मुताबिक, सुनामी की लहरें उठने के चलते शुरुआती चेतावनी के बाद भी अलार्म लगभग दो घंटे तक बजता रहा। प्रांत में भूंकप बाद के झटके आने से लोगों में डर का माहौल बन गया। सरकार के प्रवक्ता योशिमासा हयाशी ने संवाददाताओं को बताया कि भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में स्थित परमाणु संयंत्रों को किसी तरह का नुकसान पहुंचने की सूचना नहीं है। उन्होंने तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील करते हुए कहा, हर एक मिनट अहम है। कृपया तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। एनएचके के मुताबिक, जापान के पश्चिमी तट पर निगाटा और अन्य क्षेत्रों में लगभग तीन मीटर ऊंची सुनामी आने की आशंका जताई गई। इसके अनुसार, समुद्र तट पर कम ऊंचाई की सुनामी लहरें पहले ही दर्ज की गई हैं। भूकंप के कारण नुकसान की भी सूचना है। जापान के मीडिया में प्रसारित वीडियो में वजीमा शहर के एक इलाके से धुआं उठता देखा जा सकता है। एक अन्य इलाके में एक घर ढह गया। एनएचके के मुताबिक, प्रभावित क्षेत्र में बुलेट ट्रेन का परिचालन रोक दिया गया है। इसके मुताबिक, राजमार्ग के कुछ हिस्सों को बंद कर दिया गया है और कई जगह पानी की पाइपलाइन टूट जाने की सूचना है। मीडिया की खबर के मुताबिक, भूकंप के कारण कई जगह चौड़ी दरारें पड़ गईं।

### भारत ने तैयार किया...

कहा, दूतावास ने एक जनवरी, 2024 को आए भूकंप और सुनामी के संबंध में किसी से भी संपर्क करने के लिए एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। किसी भी सहायता के लिए नंबर और ईमेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है।

### द. कोरिया में भी...

आपातकालीन केंद्र स्थापित किया है। जापान में भूकंप आने की संभावना अधिक रहती है। मार्च 2011 में, जापान में एक बड़े भूकंप और सुनामी के कारण परमाणु संयंत्र में खराबी आ गई। सरकार के प्रवक्ता हयाशी ने संवाददाताओं से कहा कि प्रभावित क्षेत्र में परमाणु संयंत्रों ने सोमवार को किसी भी अनियमितता की सूचना नहीं दी है।

### सीएम बोले- पुष्पगुच्छ...

योजनाओं के क्रियान्वयन में जो प्रगति अपेक्षित रही है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर लोगों के लिए शुद्ध पेयजल तक मोदीजी की गारंटी आम जनता की दैनिक जरूरतों से जुड़ी हैं। इन्हें पूरा करने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। मंत्रालय में सचिव स्तर के अधिकारी लोककल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं पर जितनी बेहतरी से कार्य करेंगे, जमीनी स्तर पर इनके क्रियान्वयन में स्थानीय अधिकारियों को उतनी ही मदद मिलेगी।

### राम मंदिर में सुबह...

में कहा, प्राण-प्रतिष्ठा दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी। उन्होंने कहा, प्राण-प्रतिष्ठा के बाद आरती करो, पास-पड़ोस के बाजारों में, मुहल्लों में भगवान का प्रसाद वितरण करो और सायंकाल सूर्यास्त के पश्चात दीपक जलाओ। ऐसा ही निवेदन आग्रह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या से सारे संसार का आह्वान करते हुए किया है। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में 'रामलला' की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को की जाएगी। इसे लेकर जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत देश की अनेक जानी-मानी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर 2019 को राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद मामले में फैसला सुनाते हुए विवादित स्थल पर राम मंदिर का निर्माण कराने के आदेश दिये थे। इसके निर्माण के लिये श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया गया था। श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और अन्य लोगों ने अयोध्या में नए साल 2024 के पहले दिन वाल्मिकी कॉलोनी में हल्दी और घी के साथ मिश्रित चावल के दानों को अक्षत वितरित किया। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले लोगों को एक कागज की थैली बांटी गई जिसमें 'अक्षत', राम मंदिर की एक तस्वीर और संरचना के विवरण का वर्णन करने वाला एक पैम्फलेट था।

### बोगनविलिया फूलों...

लाल और पीले सहित विभिन्न रंग के बोगनविलिया फूल शामिल हैं। इन प्रजातियों के फूल हर मौसम में खिलते हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती और कम पानी में भी इनका रखरखाव किया जा सकता है। राठौड़ परिवार के स्वामित्व वाली नर्सरी ने राम मंदिर परिसर और उसके गलियारे में पौधारोपण के लिए बोली प्रक्रिया के बाद फूलों की आपूर्ति का ठेका हासिल किया है।

### राम मंदिर को लेकर ...

में राम मंदिर उद्घाटन के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को जोर-शोर से उठाएगी। इसके लिए पार्टी ने एक विस्तृत योजना तैयार की है। इसके अंतर्गत भाजपा राम मंदिर आंदोलन और मंदिर निर्माण में अपनी भूमिका पर प्रकाश डालने वाली एक बुकलेट जारी करेगी। भगवा पार्टी लोकसभा चुनावों से पहले नए मतदाताओं से जुड़ने के लिए बूथ स्तर के कार्यक्रम भी आयोजित करेगी। अपने चुनाव अभियान के दौरान, भाजपा इस बात पर भी प्रकाश डालेगी कि विपक्षी दलों ने कैसे राम मंदिर के निर्माण में बाधा डालने का प्रयास किया। भाजपा ने राम मंदिर से संबंधित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में भाग लेने और उन्हें समर्थन देने की तैयारी की है।

## गणतंत्र दिवस पर कोविड का साया समारोह में सावधानी के निर्देश

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन गरियामय समारोह में प्रातः 9 बजे तिरंगा फहराने के बाद परेड की सलामी लेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के लिए समस्त विभाग, समस्त संभागायुक्त, समस्त कलेक्टर एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को पत्र लिखकर कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में समारोह में विशेष सावधानी बरतने के साथ ही मास्क पहनने, सामाजिक दूरी आदि नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों के कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### जिलों में सीएम के संदेश पढ़ेंगे मंत्री

जिला मुख्यालयों में शासन द्वारा विनिर्दिष्ट मंत्रियों द्वारा झंडा फहराकर परेड की सलामी ली जाएगी एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि केवल जिला मुख्यालयों को छोड़कर अन्य किसी भी स्थान पर परेड नहीं होगी। यहां की परेड में सेना (जहां उपलब्ध हो), पुलिस, नगर सेना, जेल प्रहरी की टुकड़ियां भाग लेंगी। समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम गरिमामय एवं सुरुचिपूर्ण हों। साथ ही जनपद पंचायत या तहसील स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा एवं ऐसी नगरपालिका, नगर पंचायत, जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है।

## लंबी दूरी की ट्रेनों में गंदा पानी निकलने की शिकायतें ज्यादा

# ट्रेनों के नल से दूषित और पीला पानी, दैनिक उपयोग तो दूर, हाथ धोने के लायक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

ट्रेनों में नलों से गंदा-दूषित पानी निकलने की शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। नदियों के गंदे पाने को रेलवे की फिल्टर मशीन अच्छी तरह साफ नहीं कर पा रही है। पानी इतना गंदा आ रहा है कि इससे ब्रश करना या अन्य उपयोग करना तो दूर, हाथ धोना भी मुश्किल है। इसके बाद भी मजबूरी में यात्री इसी गंदे और मटमैले पानी से हाथ-मुंह धोने मजबूर हैं। ट्रेन के नलों से निकल रहे पानी का रंग बदला हुआ है। गंदे पानी के उपयोग से यात्रियों को संक्रमण का खतरा भी है।

**खास बातें**

- नदियों का गंदा पानी नहीं हो रहा साफ, पहुंच रहा सीधे ट्रेनों में
- बीते दिनों समरसता एक्सप्रेस में कीचड़युक्त पानी निकलने पर हुआ था हंगामा

लंबी दूरी की ट्रेनों में ऐसी शिकायतें अधिक मिल रही हैं। स्टेशनों से गंदा पानी ट्रेनों में भरा जा रहा है, इससे रेलवे प्रशासन भी बेखबर है। पानी की गुणवत्ता की जांच नहीं की जा रही है, तभी ट्रेनों से गंदा पानी निकल रहा है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत अन्य बड़े स्टेशनों से पानी ट्रेन में पहुंचाया जाता है, जो पानी सीधे नदियों से आता है। पानी को साफ करने लाखों की फिल्टर मशीनें हर स्टेशन में लगी होती हैं, इसके बाद भी यात्रियों को गंदा पानी मिल रहा है।

### नल से निकल रहा पीले रंग का पानी

यात्रियों की शिकायत मिलने के बाद रायपुर से गुजरने वाली कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों में पड़ताल करने पर मुंबई-हावड़ा मेल की एस-3 बोगी में नल का पानी पीले रंग का निकला, जिसका उपयोग यात्री न हाथ और न ही चेहरा धोने के लिए कर सकते थे। मुंबई से हावड़ा जा रहे यात्री महेंद्र निषाद ने बताया कि नलों में पानी कभी एक जैसा नहीं निकलता। कभी साफ तो कभी पीले रंग का, मटमैला पानी निकलता है। इसकी शिकायत के बाद भी समस्या दूर नहीं हो पाती। गंदे पानी की सूचना जब टीटीई को दी गई, तब उन्होंने तत्परता दिखाते हुए कर्मचारियों को पानी की जांच करने बुलाया, लेकिन कर्मचारी के आने से पहले ट्रेन चल पड़ी।

### शिकायत के बाद भी समाधान नहीं

समरसता एक्सप्रेस में बीते दिनों एक कोच से कीचड़युक्त गंदा पानी निकला था। गंदा पीला पानी देख यात्री के भी होश उड़ गए। नागपुर से लेकर रायपुर तक इसकी सूचना दी गई, लेकिन इसका समाधान रायपुर में नहीं हो सका। यात्रियों में रेल प्रशासन की इस अव्यवस्था को लेकर नाराजगी है। इस मामले की शिकायत रेलमंत्री से लेकर मंत्रालय तक करने की बात कही गई।

### दूसरे मंडल से ट्रेनों में गंदा पानी

ट्रेन से गंदा पानी मिलने की शिकायत झारखंड, हैदराबाद, बिहार और हावड़ा रूट की ट्रेनों में अधिक मिल रही है। रेलवे कर्मचारी ट्रेन स्टेशन पर पहुंचते ही सीधे ट्रेन में पानी भरना शुरू कर देते हैं। यात्रियों को कैसा पानी मिल रहा है, इसकी जांच नहीं की जाती। नदियों का गंदा पानी ट्रेन में पहुंच रहा है, इस वजह से पानी का रंग पीला नजर आ रहा है। फिल्टर और पानी टंकी की नियमित सफाई नहीं होना भी गंदे पानी का प्रमुख कारण है। लंबी दूरी की ट्रेनों में कम स्टॉपेज होने से पानी लंबे समय बाद भरा जाता है। स्टेशन निदेशक का कहना है, पानी की गुणवत्ता की जांच होती है। मंडल से ट्रेनों में साफ पानी पहुंचाया जा रहा है। दूसरे मंडल से ट्रेनों में गंदा पानी ट्रेन तक पहुंच रहा है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक. 2652/न.पा.नि./ लोनिवि / 23-24 — अम्बिकापुर दिनांक 29/12/2023

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा जोन क्रमांक 01 से 06 तक में डामरीकृत सड़कों के निर्माण / रिनीवल / मरम्मत- संधारण का कार्य (Flexible Pavement / Bituminous work ) प्रति जोन राशि रू. 150.00 लाख के 06 कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 150585, 150599, 150615, 150642, 150649& 150663) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर**

**न्यायालय षष्ठम् अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी श्री अशोक कुमार लाल)**

पंजाब नेशनल बैंक.......... वादी

विरूद्ध

राजमती वगैरह वगैरह ........... प्रतिवादीगण

व्य.वा.क्र.- 43-अ / 2022
प्र.दि. 10/01/2024

प्रति,
सुरेश कुमार तांती आयु 53 साल आ. एल. किरलन तांती
निवासी- पुराना लोको खोली, क्वा. नं. 245 / 20, दुर्गा मंदिर के पास
(द.पू.मं. रेल्वे कर्मचारी) बिलासपुर (छ.ग.) 495004

इस न्यायालय में वादी ने प्रतिवादीगणों के विरूद्ध वाद वास्ते कब्जा प्राप्ति बाबत् कीमती 18,02,023 /- रूपये के बाबत् वाद प्रस्तुत किया है जिसमें प्रतिवादीगणों की उपस्थिति हेतु **"दिनांक 10/01/2024"** को नियत है।

आप उक्त प्रकरण की पेशी **"दिनांक 10/01/2024"** को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं नियत पेशी दिनांक तक कोई आपत्ति / जवाब प्राप्त न होने पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी **"दिनांक 10/01/2024"** को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 22/12/23 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 22.12.2023
बिलासपुर (छ.ग.)

(श्री अशोक कुमार लाल)
षष्ठम् अपर जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)




Dr. Homi Jehangir Bhabha
1909 – 1966

Government of India
DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY
Recruitment of
ENGINEERING GRADUATES AND SCIENCE POSTGRADUATES AS SCIENTIFIC OFFICERS
Through the
BHABHA ATOMIC RESEARCH CENTRE TRAINING SCHOOLS
For the
ACADEMIC YEAR 2024 - 25

The Department of Atomic Energy (DAE) was established through a Presidential Order on August 3, 1954, to be administered directly by the Prime Minister. The vision of DAE is to empower India by the use of technology for creation of wealth leading to a better quality of life for her citizens. DAE is engaged in the design, construction and operation of Nuclear Power/Research Reactors and the associated Nuclear Fuel Cycle Technologies covering exploration, mining and processing of nuclear ores, production of heavy water, nuclear fuel fabrication, fuel reprocessing and nuclear waste management. It is also engaged in frontier cutting-edge research in frontier areas of Engineering and Science. The spin-off technologies, human resource being developed and technical services being rendered by **DAE have been of great help to Indian industry**. Since 1956, **DAE has been recruiting Scientific Officers annually through the Bhabha Atomic Research Centre (BARC) Training Schools** to drive its various nation building programmes. This advertisement is to invite applications for the recruitment of Trainee Scientific Officers (TSOs) for the 2024-25 session of the BARC Training Schools. After successful completion of the Training Programme, **the TSOs will be absorbed as Scientific Officers in Group-A Post of the Government of India.**

WHY SHOULD I JOIN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY?

**Scope of DAE Activities:** DAE offers opportunities for a career in Research in frontier areas of Engineering and Science, Design and Development of Next Generation Reactors and associated Advanced Technologies and State of the Art Manufacturing Facilities. It has expertise and comprehensive capability in all aspects of the Nuclear Fuel Cycle Technologies supported by an excellent infrastructure and unique facilities like the Research Reactors, Charged Particle and Ion Beam Accelerators, ultrashort high power Lasers etc. many of which are made available by DAE to the larger Indian scientific community through various national facilities operated by DAE at different locations across the country.

**Benefits on Absorption:** After successful completion of the Training Programme, the selected candidates will be absorbed as Scientific Officer in Group-A Post of the Government of India in the Level 10- ₹ 56,100/- of 7th CPC Pay Matrix. Total Emoluments, with three increments at the time of joining, will be approximately ₹1,20,000/-p.m. as per the present Mumbai rate. In addition, the officer would also be availing other benefits such as L.T.C., medical facilities for the Officer and his / her dependent family members, Children's Education Allowance, Professional Update Allowance and Performance Related Incentive Scheme (PRIS) as per Government norms subject to approval and revised from time to time. Scientific Officers in all units of DAE have ample opportunities for professional development and attractive career progression up to the highest echelons.

**Educational Opportunities:** Trainee Scientific Officers in Engineering disciplines who successfully complete the Training Programme and whose performance meets a minimum eligibility criterion are allowed to enroll for M.Tech. in Homi Bhabha National Institute (HBNI), a Deemed to be University. Those not desirous of pursuing M.Tech. or those belonging to Science disciplines are entitled to a Post-Graduate Diploma of HBNI provided their performance in the Training Programme meets a minimum eligibility criterion. The Scientific Officers of DAE are also provided with an opportunity to pursue Ph.D. under the aegis of HBNI during their professional career, provided their academic performance is above a specified threshold.

WHAT ARE THE RECRUITMENT SCHEMES AND THE SELECTION PROCESS?

**Orientation course for Engineering Graduates and Science Post Graduates (OCES)-2024 (Scheme-I):** This is a one-year Training Programme for Engineering Graduates or Science Postgraduates. The Training Programme is conducted in the BARC Training Schools located at BARC, Mumbai / Atomic Minerals Directorate for Exploration and Research, Hyderabad. Trainee Scientific Officers (TSOs) will be paid a stipend of ₹ 55,000/- p.m. and a one-time Book Allowance of ₹18,000/- during the Training period.

**DAE Graduate Fellowship Scheme (DGFS)-2024 (Scheme-II):** Under this scheme, Engineering Graduates who have excelled in the Selection Interview for the BARC Training Schools' programme and have independently secured M.Tech. admission in 2024, at DGFS Institutes (IIT Bombay / IIT Madras) in selected specializations, will be offered a two-year DAE Graduate Fellowship. DGFS Fellows will be reimbursed their tuition fee during M.Tech. and additionally, be paid a stipend of ₹ 55,000/- p.m. , a Contingency grant of ₹40,000/- per annum for two years and additional funding up to a sum of ₹ 4,00,000 under the BRNS Fast Track Project scheme to purchase equipment/consumables deemed necessary for completion of M.Tech. project. On successful completion of M.Tech., the DGFS Fellows would join BARC /IGCAR as Scientific Officers, with additional increments (subject to conditions).

The selection procedure, which is common for both schemes, has two stages. An initial screening will be done either by a GATE-2022/ GATE-2023 / GATE-2024 score in the applicable GATE discipline or by performance in an Online Test to be conducted on March 16– March 17, 2024. As cut-off GATE scores for screening into Selection Interviews will be decided only after the Online Test has concluded, candidates are advised to maximize their chances of being screened into the Selection Interview stage by *availing both the screening avenues (viz., BARC online exam and GATE)*. In the second stage, the screened in candidates will be called for Selection Interviews to be held in Mumbai and Hyderabad# during May-June, 2024. Final Selection is solely on the basis of performance in Selection Interview, subject to medical fitness. #Only for Geology.

WHAT ARE THE QUALIFYING DEGREES? HOW DO I APPLY?

A minimum of 60% aggregate (or minimum of 6.0 CGPA on the scale of 10.0 or equivalent) as per the ordinances of the respective university, in the qualifying degree is an essential eligibility requirement. Science postgraduates are further required to have secured a minimum of 60% aggregate in B.Sc., to make them eligible. The eligible disciplines and degrees are as follows:

- **For Engineering Disciplines*:** B.E. / B.Tech. / B.Sc.(Engg.) / 5-year Integrated M.Tech. in Mechanical, Chemical, Metallurgical / Materials, Civil, Electrical, Electronics, Instrumentation Engineering, Computer Science / Computer Engineering / Computer Science & Engineering,.
- **For Science Disciplines*:** (a) M.Sc. in Physics, Applied Physics, Chemistry, Biosciences.
(b) M.Sc. / equivalent M.Tech. in Geology, Applied Geology, Applied Geochemistry, 5-Year Integrated M.Tech. in Geological Technology,
(C) B.E. / B.Tech. in Engineering Physics.

* **Candidates whose qualifying degree name includes the core degree name with any specialization are also eligible for OCES/ DGFS-2024 programme. Also refer to names of the degrees which are not eligible for OCES/DGFS programme as provided in information brochure for OCES/DGFS-2024. Applicants may refer the Information Brochure available on the Online Application Portal (https://www.barcocesexam.in) for the list of eligible qualifying degrees for various disciplines.**

To apply online, applicants should visit the website https://www.barcocesexam.in and follow the instructions mentioned therein.

**Website will also provide additional detailed information, including eligibility conditions, for the present recruitment. DAE strives to have a workforce that reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.**

**Other Opportunities:** Candidates applying for OCES/DGFS-2024 may be considered for direct recruitment in Institute for Plasma Research (IPR). Such candidates will be governed by stipendiary norms of IPR and terms & service conditions of IPR on absorption.

ONLINE APPLICATION PROCESS BEGINS: December 30, 2023**

ONLINE APPLICATION PORTAL: https://www.barcocesexam.in

LAST DATE FOR REGISTERING ONLINE APPLICATION: January 30, 2024**

EXERCISING AUTHORITY: In all matters concerning the OCES/DGFS-2024 recruitment, the decision taken by the Competent Authority in BARC, Mumbai shall be final and binding on the Applicants and they shall abide by the decision in totality. The Applicants while representing the matter shall not directly approach the Courts and will wait till the outcome of the decision by the Competent Authority in BARC. In case of any claims or disputes arising with respect to the OCES/DGFS-2024 recruitment, the venue of such proceedings, suit, action, or proceedings arising out of or related thereto will be governed / maintained in accordance with the laws of Republic of India subject to exclusive jurisdiction of the courts of Mumbai, India.

**All dates are tentative and applicants are advised to regularly visit the website https://www.barcocesexam.in for updates

# गुटखा पैकेजिंग कारोबारी के ठिकानों पर सीजीएसटी की दबिश, पौने तीन करोड़ कैश, ढाई करोड़ का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ ओडिशा में तंबाकू कारोबारियों को कच्चे में पैकेजिंग सामान की करता था आपूर्ति

सेंट्रल जीएसटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गुटखा पैकेजिंग करने वाले एक कारोबारी के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करते हुए कैश दो करोड़ 88 लाख रुपए तथा गुटखा पैक करने के काम आने वाले 2 करोड़ 60 लाख रुपए के पैकेजिंग आयटम्स जब्त किए हैं।

सेंट्रल जीएसटी के अफसरों के मुताबिक बोरियाकला स्थित मेसर्स ओम रोटो प्रिंटर्स के संचालक मनोज टेकवानी के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई है। ओम रोटो प्रिंटर्स में तंबाकू, पान मसाला इकाइयों के लिए पैकेजिंग सामग्री (फिल्म, फाइल, स्ट्रिप्स तथा प्लास्टिक वस्तु) का चोरी-छिपे निर्माण करने की जानकारी मिली थी।

इसके बाद सेंट्रल जीएसटी की टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की तो कारोबारी के ठिकाने से ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के पैकेजिंग आयटम्स मिले। पैकेजिंग आयटम्स के बिल तथा दस्तावेज दिखाने की मांग करने पर कारोबारी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इस वजह से पैकेजिंग सामान जब्त किया गया।

## पैकेजिंग आयटम की ओडिशा आपूर्ति

सेंट्रल जीएसटी के अफसरों के मुताबिक गुटखा तथा तंबाकू उत्पाद के लिए कारोबारी जो पैकेजिंग आयटम्स तैयार कर रहा था। उसे वह कच्चे में ओडिशा के कारोबारियों को आपूर्ति करता था। अफसरों के अनुसार कारोबारी के घर की तलाशी में जो नकद राशि मिली है। उस राशि का हिसाब कारोबारी नहीं दे पाया, इस वजह से उक्त राशि भी जब्त की गई है।

# चुनाव ड्यूटी से गायब रहे अफसर-कर्मियों पर अब तक नहीं हुई निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा चुनाव में 17 नवंबर को रायपुर जिले में हुई वोटिंग के दौरान पोलिंग बूथों की ड्यूटी से बिना सूचना दिए गायब होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर अब तक निलंबन की कार्रवाई नहीं हो पाई है, जबकि इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों ने जल्द ही आदेश जारी करने की बात कही थी।

विधानसभा चुनाव के दौरान रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर को हुई वोटिंग के दिन लगभग 40 अधिकारी-कर्मचारी रिटर्निंग अफसरों को सूचना दिए बिना ड्यूटी से गायब हो गए थे। इनमें एक से डेढ़ दर्जन पीठासीन अधिकारी भी शामिल थे। इनके गायब होने से अफसरों में हड़कंप मच गया था। हालांकि बाद में गायब हुए अधिकारी-कर्मचारियों की जगह रिजर्व में रखे गए अन्य अधिकारी-कर्मियों को आनन-फानन में बुलाकर पोलिंग बूथों पर ड्यूटी लगाई गई थी। इनके गायब होने का असर पोलिंग बूथों पर तो नहीं पड़ा, लेकिन अफसरों ने इस मनमानी पर भारी नाराजगी भी जताई थी और सभी को शोकॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

## तबीयत खराब होने का बहाना

बिना सूचना दिए ड्यूटी से गायब होने वालों में से अधिकांश ने नोटिस के जवाब में तबीयत खराब होना बताया है। इसके लिए सभी ने जवाब के साथ मेडिकल सर्टिफिकेट भी लगाया है। इनमें कुछ ने तो अस्पताल में भर्ती होने तक का मेडिकल सर्टिफिकेट लगाया है। विभागीय अफसरों ने बताया कि मेडिकल सर्टिफिकेट की जांच करने संबंधित अस्पतालों के डॉक्टरों से बातचीत भी की गई है। इसमें कई अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी सही पाई गई, इसलिए उनके नाम निलंबन सूची से हटा दिए गए हैं।

# नए साल के पहले ही दिन तीन मरीजों को निशुल्क सीटी स्कैन की सुविधा

रायपुर। नए साल के पहले दिन से ही जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को निशुल्क सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिल गई है। पहले दिन विभिन्न विभागों से रेफर किए गए तीन मरीजों की जांच कर उन्हें रिपोर्ट दी गई। बहुप्रतीक्षित योजना के तहत जांच शुरू होने से मरीजों ने राहत महसूस की है, इसके लिए निजी संस्थानों में एक हजार रुपए तक देने पड़ते थे। जिला अस्पताल में मरीजों को सीटी स्कैन की सुविधा देने करीब दो साल पुरानी योजना अब पूरी हो गई है। मशीन मिलने के करीब छह माह तक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद नए साल के पहले दिन इसका उपयोग मरीजों की जांच के लिए शुरू कर दिया गया है।

## कार्यालय नगर पंचायत लोरमी, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

क्र./754/ न.पं. / 2023-24 लोरमी, दिनांक 29/12/2023

**/ / द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

न.पं. लोरमी में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु ओपन टेण्डर अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 150682 | Supply of Manpower (Skilled, Semi-Skilled and Un-Skilled) At Lormi 2nd call (Amount 70 Lacs) | 01.01.2024 / 17:31 बजे से | 16.01.2024 / 17:30 बजे तक | 18.01.2024 / 16:30 बजे | 19.01.2024/ 11:00 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal: https://eproc cgstate.gov.in/ www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं।

-: सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नही करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचे :-

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत लोरमी**

# विधायक निधि के डेढ़ करोड़ निगम पर बकाया नोटिस देने की तैयारी

रायपुर। राज्य में नई सरकार आते ही योजना एवं सांख्यिकी विभाग अब सरकारी निर्माण एजेंसियों के पास विधायक निधि की जमा राशि की रिकवरी करने की तैयारी में है। विधायक निधि क लगभग डेढ़ करोड़ रुपए पिछले कई वर्षों से नगर निगम रायपुर पर बकाया हैं। यह राशि जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग ने विधायकों के अनुमोदन के बाद स्वीकृत किए गए विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण के लिए निगम प्रशासन को जारी की थी। इनमें कुछ कार्य निरस्त हुए, वहीं कई कार्यों में टेंडर प्रक्रिया के दौरान राशि की बचत की गई थी।

# महादेव सट्टा एप में तीन नए आरोपियों के नाम शामिल

## महादेव सट्टा एप में अब तक 19 लोगों को बनाया गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ ईडी के वकील ने कोर्ट में 18 सौ पन्नों का प्रथम पूरक परिवाद पेश किया

महादेव सट्टा एप मामले में सोमवार को ईडी के विशेष न्यायधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय ने कोर्ट में 18 सौ पन्नों का प्रथम पूरक चालान पेश किया।

ईडी ने महादेव सट्टा एप में तीन नए आरोपियों के नाम शामिल किए। इस तरह से महादेव सट्टा एप में अब तक 19 लोग आरोपी बनाए गए हैं। कोर्ट में पेश परिवाद पर 10 जनवरी को बहस होगी। गौरतलब है कि महादेव सट्टा एप को लेकर ईडी के वकील ने पूर्व में जो परिवाद पेश किया था, उसमें छह हजार करोड़ रुपए गड़बड़ी होने का आरोप लगाया गया है। ईडी के वकील ने कोर्ट में पूरक चालान पेश करते हुए पुलिसकर्मी भीम सिंह यादव, असीम दास के अलावा शुभम सोनी, अनिल अग्रवाल तथा रोहित गुलाटी का नाम शामिल किया है।

## रोहित तथा अनिल कारोबारी

जानकारी के मुताबिक अनिल अग्रवाल तथा रोहित गुलाटी दोनों कारोबारी हैं। सूत्रों के मुताबिक महादेव सट्टा एप की रकम को हवाला तथा मनी लांड्रिंग के माध्यम से अनिल तथा रोहित पर खपाने का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक दोनों कारोबारियों का सौरभ चंद्राकर के साथ डायरेक्ट लिंक जुड़ा हुआ है। जांच के दौरान ईडी को अनिल तथा रोहित के महादेव सट्टा एप में शामिल होने के पुख्ता प्रमाण मिले थे, इसलिए दोनों के नाम को ईडी ने आरोपियों की सूची में शामिल किया है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425


HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें


असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-ऑफिस बॉय, आंगन और गाड़ी साफ सफाई हेतु पार्ट टाइम लड़का चाहिए समय दोपहर 3 से शाम 8बजे, वेतन 5000/- महीना, सम्पर्क- रामा वर्ल्ड, सिरगिट्टी मोड़, रायपुर रोड, बिलासपुर, 9340600776 (32366)

**आवश्यकता है**-तन्दूर रोटी हेतु कारीगर, किचन हेल्पर, वेटर (महिला/ पुरुष), सामान्य कार्य हेतु लड़के, बर्तन धोने हेतु बाई चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- मुर्ग मसल्लम रेस्टोरेन्ट, बिलासपुर 7879121999 (32364)

**आवश्यकता है**-फुटवियर शॉप हेतु अनुभवी, शिक्षित, सेल्समेन, सेल्सगर्ल चाहिए सेल्समैनशिप, सोशल नेटवर्क मार्केटिंग हेतु। बॉयोडाटा सहित 11 से 3 सम्पर्क करें- चरणस्पर्श शूमॉल, रघुराज सिंह स्टेडिम के सामने बिलासपुर 93003 00333, 07752407333 (32365)

**आवश्यकता है**-ज्वेलर्स दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है। उम्र 25वर्ष, 3वर्ष अनुभवी, कम्प्यूटर चलाना जानता हो। वेतन 9000 से 11000, तखतपुर के आसपास वालों को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7049430000 (32363)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य टेलीकालिंग हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की अतिशीघ्र आवश्यकता हैं योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट। सम्पर्क करें- नेहरू नगर स्मार्ट रोड, गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 (32361)

**आवश्यकता है**-एयरपोर्ट (Head Office) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (34900- 81300) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना+ खाना+ मेडिकल) रायपुर संपर्क-08882 895824 (2369)

**आवश्यकता है**-रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा/ स्विफ्ट चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है सैलरी क्रिस्टा-25000, स्विफ्ट-15000+ PF+ ESI+ पेंशन संपर्क करें-राहुल ट्रैवल्स, रायपुर एयरपोर्ट 73994 11411 (3670)

**आवश्यकता है**-टेली कॉलिंग हेतु युवतियों महिलाओं की आश्यकता है (5000 फिक्स सैलरी) अलग से कमीशन+ एक्सट्रा इनकम 10000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- गणेश चौक, नेहरू नगर बिलासपुर 7610415969 (32360)

**आवश्यकता है**-ई-बाईक शोरूम में बैठने हेतु लड़की/ महिला चाहिए वेतन योग्यता अनुसार। समय सुबह 10 से रात 8बजे। पता- गणपति ई-व्हीकल्स, आर.के. पेट्रोल पम्प के सामने चांटीडीह रोड बिलासपुर 9303281880 (32359)

**आवश्यकता है**-ऑफिस की गाड़ी चलने हेतु अनुभवी ड्राइवर (10 पद) की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ती ही सम्पर्क करें- S.K. Tour & Travels रामकृष्ण नगर मोपका बिलासपुर 70001 03649, 7879006223 (32362)

**आवश्यकता है**-होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़की एवं मार्ग सॉफ्टवेयर चलाने के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- के.एस. एजेन्सीज 37, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा बिलासपुर (32357)

**आवश्यकता है**-एक अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है संपर्क करें सोनथलिया एजेन्सीज व्यापार विहार बिलासपुर फोन 07752 405725 (32355)

**आवश्यकता है**- बर्तन दुकान में काम करने हेतु 12वीं पास नवयुवकों की आवश्यकता है संपर्क करें कन्हैया लाल शान्तनु सराफ बसंत साड़ी के सामने सदर बाजार बिलासपुर 7415177777 (32337)

**आवश्यकता है**-पेट्रोल पम्प में कार्य करने हेतु युवकों और युवतियों की आवश्यकता है। फ्रेशर युवक/ युवतियों को प्राथमिकता। संपर्क करे-बुख़ारी पेट्रोल पंप, अग्रसेन चौक, बिलासपुर (32251)

**आवश्यकता है**- Reliance jio 5G कंपनी में घर बैठे पार्ट/ फुल टाइम (SMS JOB) करके लड़के/ लड़कियां, ग्रहणीयां, स्टूडेंट कमाए (18500-48500) महीना लैपटॉप मोबाइल फ्री नौकरी हेतु नाम पता Whats App करें- 9631550466 (6697)

**आवश्यकता है**-नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेंड कम्पाउंडर एवं एक अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम, महाराणा प्रताप चौक, रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 (32252)

**आवश्यकता है**-इन्दौर (MP) में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10/12वी, स्नातक लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस + रहना फ्री कोई शुल्क नहीं लगेगा। सम्पर्क- सरकण्डा बिलासपुर 9575712101, 7970225494 (32297)

**आवश्यकता है**-दुकान में कार्य हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन दैनिक आधार पर। सम्पर्क करें- शुभम सेल्स ICICI बैंक के सामने तेलीपारा बिलासपुर 99933 35035 (32253)

**आवश्यकता है**-Swiggy डिलीवरी बॉय जॉब ज्वाइन करें और पाएं 3000 ज्वाइनिंग बोनस, Daily Petrol Bonus आवश्यक दस्तावेज आधार, पैन कार्ड, बैंक एकाउण्ट काल करें:- 70003 98370, 9893686044 स्वयं का बाइक, मोबाइल अनिवार्य। (32340)

**आवश्यकता है**-स्पेयर पार्ट्स (ट्रैक्टर, कार एवं कमर्शियल ) की मार्केटिंग हेतु रायगढ़ में अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करे शीतला एजेंसी-9300029026 (1684)

**आवश्यकता है**-ग्लोबल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेन्ट भर्ती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500+ 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना, मेडिकल फ्री मार्क शीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। सम्पर्क करे:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास, लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) 9109799525 (6301)

**आवश्यकता है**-ऑनलाइन सामान के पार्सल पैकिंग हेतु 5 लड़के, 5 लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यता अनुसार। कार्य समय- 10.30-8.30, संपर्क:- पाहवा इंटरप्राइजेज गोल्डन बार के पीछे व्यापार विहार बिलासपुर 7000498845 (2383)

**आवश्यकता है**- ज्वेलरी शॉप में सेल्स, साफ सफाई हेतु लड़कियों/लड़कों आवश्यकता है बिलासपुर वासी और अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सतीश्री ज्वेलर्स सदर बाजार बिलासपुर 9691076001 (32338)

**आवश्यकता है**-अम्मा जी ट्रेडर्स बिलासपुर में सेल्स मार्केटिंग के लिए अनुभवी लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी/ कमीशन संपर्क करे-96999 91449 (32329)

**आवश्यकता है**- मैरिज ब्यूरो में टेलिकॉलिंग हेतु 18 से 28वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने अवसर सम्पर्क करें-लाइब्रेरी के पास, नूतन चौक सरकंडा, बिलासपुर 9522260048 (32344)

**आवश्यकता है**-दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है कम्प्यूटर आपरेटर डिजाईजर। संपर्क करें ऑन डिजीटल वर्ल्ड पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 07752 418853, 8319250061 (32336)

**आवश्यकता है**-घर पर ही रहकर बुजुर्ग एवं पेशेंट की देखभाल हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता 10वी, 12वी,जीएनएम, एएनएम, बीएस सी नर्सिंग, ड्यूटी 10घंटे एवं 24घंटे 9109099781 (379)

**आवश्यकता है**-बैग दुकान में सिलाई करने लड़की व महिलाएं (फुल या पार्ट टाइम) व चपरासी लड़के व लड़की संपर्क करें:- क्रिएटिव बैग श्री राम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 90989 73726 (2381)

**आवश्यकता है**-सुरक्षा एजेंसी के अंतर्गत कार शोरूम में सुरक्षा गार्ड की कार्य स्थल- नया बस स्टैंड बिलासपुर नाईट ड्यूटी /दिन ड्यूटी दोनों के लिए जगह खाली है (उम्र- 45-55) इच्छुक व्यक्ति संपर्क- 99816 30084 (2382)

**आवश्यकता है**-छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु 5वी, 8वी, 10वी पास हाईट 5फीट 6इंच, 4फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना, खाना, फ्री, वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क-8109070600, 7869230888, 80858 59632, 8839506548 (1028)

**आवश्यकता है**- इलेक्ट्रीशियन एवं एसी मैकेनिक की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 7000644120, 99930 34522 (32346)

**आवश्यकता है**-मैनेजर की आवश्यकता है योग्य नशामुक्त वेतन 8000/- ग्रामीणों को भोजन आवास निशुल्क सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 98263 90898 (32303)

**आवश्यकता है**- Reliance Jio 5G कंपनी SMS Sending Calling Job करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए 21500- 48500 महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ़्त Name पता Qualification, Call/ SMS/ Whats App करें- 8695963713 (1306)

**आवश्यकता है**-ऑल MP CG एयरपोर्ट हेतु पक्की जॉब लड़के- लड़कियां अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं ग्रेजुएट ग्राउंड सुपरवाइजर, लोडर, हेल्पर, ड्राइवर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रहना खाना फ्री+ (कैब सुविधा) सैलरी 35500/- से 85500/- 9625271611 (1308)

**आवश्यकता है**-एयरपोर्ट (Head Department) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (35400- 83900) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, ड्राइवर, हेल्पर, गार्ड (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर संपर्क:- 09310717928 (2358)

**आवश्यकता है**-(1) एकाउंटेंट पद-1 युवती/ महिलाओं हेतु जिन्हें कम्प्यूटर आपरेशन GST, Tally, Excel, सेल पर्चेज, स्टॉक अन्य संबंधित बैंकिंग का पूर्ण अनुभव हो (2) सुपरवाईजर पद-1, मैकेनिकल का अनुभवी (जो आल राउंडर अनुभवी हो) गाड़ियां, क्रेशर मेन्टेनेन्स का अनुभवी हो (3) ड्राईवर पद-4, Bs6 हाईवा, 12 चक्का चलाने हेतु जिनके पास हैवी लाइसेन्स हो (4) HM न्यू Bs6 लोडर आपरेटर हैवी लायसेंसी। वेतन योग्यतानुसार सम्पूर्ण बायोडाटा फोटोग्राफ सहित ईमेल करें- stbm999@gmail.com सम्पर्क करें- मां शारदा क्रेशर उद्योग माईन्स, नर्मदा नगर, बिलासपुर 9893900999 (32312)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओ की आवश्यकता है उम्र 18 से 35 वर्ष सैलेरी 5000 से 25000 तक कमाने का सुनहरा अवसर सम्पर्क करें- कोन्हेर गार्डन पास, चांटापारा बिलासपुर 6266328817 (32345)

## बेचना

**बेचना है**-TNC Rera Approved प्लाट मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर लेआउट, डायवर्टेड प्रोजेक्ट 100 परिवार, निवासरत मंदिर, गार्डन, बाउंड्रीवॉल, गार्ड मात्र 1199/- वर्गफीट बैंक फाइनेंस सुविधा सम्पर्क करें- 97136 66001, 9993864783 (32320)

**बेचना है**-रायपुर रोड न्यू हाईकोर्ट के ठीक सामने जीवन विहार रोड में विभिन्न साईज के डायवर्टड प्लॉट मात्र 1349 रुपये प्रति वर्गफीट में उपलब्ध है। सम्पर्क करें- 7389831124 (32347)

**बेचना है**-यदुनन्दन नगर तिफरा के विभिन्न हिस्सों में डायवर्टेड प्लॉट कीमत 550 से 1100 रुपए में एवं 26 लाख में 2BHK मकान, 2:67 लाख छूट। संपर्क रविन्द्र पाटनवार 9753311111 (31558)

**बेचना है**-उषा लता काम्प्लेक्स किम्स हॉस्पिटल के सामने मगरपारा रोड में फर्स्ट फ्लोर फ्रंट साइड दुकान 600 फुट एवं नीचे दुकान नं.- 3 एवं 4 बेचना है। सम्पर्क करें- 7582982000, 98266 81000 (32356)

**बेचना है**-मोपका बाईपास बिरला स्कूल नगोई मुख्य मार्ग से 50 मीटर साईड रोड पर 1 एकड़ प्लाट, बिलासपुर यदुनन्दन नगर सेक्टर-डी 80 फिट रोड में कॉमर्शियल एवं आवासीय सर्व सुविधा युक्त प्लाट, सरकंडा साईन्स कालेज सामने पूजा पैराडाइज 3bhk प्रथम तल में सर्व सुविधा युक्त फ्लैट, यदुनंदन नगर में 3BHK सर्व सुविधा युक्त नया मकान बेचना है सम्पर्क- 7241111402, 7489244588 (2380)

**बेचना है**-अग्रसेन चौक पास सेमी कामर्शियल 3मंजिला दुकान छत सहित 35लाख, तेलीपारा दरबार लाज के पीछे 3मंजिला दुकान 41लाख, करबला मेन रोड 3मंजिला दुकान 65लाख सम्पर्क मनीष जगवानी 9827180010 जगवानी कंस्ट्रक्शन (32087)

**बेचना है**-बिलासपुर नया बस स्टैण्ड के पास यदुनन्दन नगर कालोनी कामर्सियल प्लाट डबल रोड 20×47, 35×81 चारो तरफ रोड, सभी साइज आवासीय प्लाट, मकान, दुकान बेचना है सम्पर्क- राजपाल कंस्ट्रक्शन 93006 12345 (32279)

**बेचना है**-यदुनंदन नगर में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के सामने 32×54 डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध है जो पूर्व मुखी और दक्षिण मुखी भी है सम्पर्क करें- 9098958021, 7999918536 (दलाल सम्पर्क ना करें) (32317)

**बेचना है**- प्लॉट बेचना है ग्रीन पार्क में प्लाट बेचना है 1000 वर्गफिट एवं घुरु में 1350 वर्गफीट लेआउट कमर्शियल प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें 9753270687 (2385)

**बेचना है**-DPS स्कूल एवं बस स्टैंड बिलासपुर से 1.5km जीएसटी आफिस से लगा 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620 7898918151 (31649)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## किराया

**किराया**-नर्मदा नगर में दो बेडरूम, ड्राइंग, डाइनिंग हाल सहित सर्वसुविधायुक्त मकान किराया पर देना है। केवल सरकारी, अर्ध सरकारी, कारपोरेट, बैंक, बीमा अधिकारी ही सम्पर्क करें- मो.- 9303205444 (32325)

**किराया**-सर्वसुविधायुक्त 4 रूम- किचन रामा लाइफ सिटी सकरी, बिलासपुर में किराए पर देना है। बैंक/ शासकीय कर्मचारी/ विद्यार्थी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9373519771 (32348)

**किराया**-Jain Plaza near CMD Chowk, Ground floor में फ्रण्ट की शॉप 400 Sqft) किराये से देना है। Contact- 83199 52306 (32271)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

## चिकित्सा

**चिकित्सा**-विशेष छूट जांच मात्र 300 रुपए में शुगर, बीपी, थायरायड, सामान्य रोगों के लिए सम्पर्क करें- डॉक्टर एस.के. दत्ता समाधान नर्सिंग होम राजीव गाँधी चौक बिलासपुर (32104)

**नोट- विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा**

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

हरिभूमि समाचार ही नही, विचार भी...

01 जनवरी 2022 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Buisness & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. TOWER & FINANCE AD (No Scheme)

ADVT. Booking time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /- 1 Sunday | 500 /- 1 Sunday |
| 700 /- 2 Sunday | 900 /- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1200/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 45000 | 72000 | 92000 |
| Bilai + Durg Edition | 40000 | 65000 | 85000 |
| Bilaspur City | 30000 | 50000 | 70000 |
| Raipur All Edition | 57000 | 90000 | 115000 |
| Bilaspur All Edition | 45000 | 75000 | 90000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Ph.: 07752-271016, Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

Medicare Specialists
ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद

• गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
• शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
• लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
• शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
• आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें ।
• चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
• नि:संतान दम्पति आज ही मिले ।
आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें

- शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो.9827168452, 9300625174
- रिद्धी-सिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:-मो.9826129386
- जे.जे.एडवरटाइजर्स:-मो.9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो.9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो.9826705603
- एड प्रयास:-मो.9826701269, 9926003943
- एम.जी.आर.एडवरटाइजर्स:-मो.9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:-मो.9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो.9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो.9826304304,9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो.9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो.9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो.9827466133, 9907047586

# डेविड वार्नर ने 'टेस्ट' के बाद 'वनडे' से भी लिया संन्यास, खेलते रहेंगे टी20

एजेंसी ▶▶ सिडनी

दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे। इस 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने हालांकि स्पष्ट किया है कि अगर 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम को उनकी जरूरत पड़ती है तो वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले वार्नर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलिया का नवंबर में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनका 50 ओवर के प्रारूप में आखिरी मैच था।



### खेलता रहूंगा लीग मैच

वार्नर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं निश्चित रूप से एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था जो मैंने विश्व कप 2023 के दौरान कहा था कि भारत में जीत दर्ज करो। यह वास्तव में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसलिए मैं आज इन प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं जिससे मुझे दुनियाभर के अन्य लीग में खेलने का भी मौका मिलेगा। मैं जानता हूं कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन जल्द होगा। इन दो वर्षों में अगर मैं अच्छी क्रिकेट खेलता रहा और उन्हें मेरी जरूरत महसूस होती है तो मैं चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा।'

## 161 वनडे मैच में 45.30 की औसत से बनाए 6932 रन



### वार्नर के नाम पर दो वनडे विश्व कप खिताब

दुनिया के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक वार्नर के नाम पर वनडे विश्व कप के दो खिताब दर्ज हैं जिनमें विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ फाइनल की जीत भी शामिल है। इस टूर्नामेंट में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वार्नर ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में अपने वनडे कॅरियर का आगाज किया था।



### कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध से आगे बढ़ गया

'जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण से अलग तरीके से निपटा जा सकता था लेकिन मुझे लगता है कि निक (हॉकले, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी) ने इसे बोर्ड के सामने रखने की पूरी कोशिश की और फैसला किया गया और मैं इससे खुश हूं। मैं उससे आगे बढ़ चुका हूं।मुझे आईपीएल, आईएलटी20 में नेतृत्व करने के अवसर मिले हैं। मैंने अपनी नेतृत्व भूमिकाओं का आनंद लिया है।लेकिन हाल के वर्षों में मैंने सीखा है कि नेतृत्व का मतलब कप्तान या उप-कप्तान बनना नहीं है। मेरे लिए, मैं इस टीम में नेतृत्व करता हूं। आपको अपने नाम के आगे कप्तान या उप कप्तान लिखवाने की जरूरत नहीं है। उस पूरे दौर में अपने पूरे करियर पर विचार करते हुए मुझे कोई पछतावा नहीं है क्योंकि जब आप आगे बढ़ेंगे तो आपके सामने बहुत सारी बाधाएं आएंगी। रास्ते में बाधाएं आएंगी लेकिन आपको आगे बढ़ना होगा और मैंने सम्मान के साथ ऐसा किया है।'

### वनडे में 22 शतक

वार्नर ने अपने कॅरियर में 161 वनडे मैच खेले जिनमें 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए। उनके नाम पर इस प्रारूप में 22 शतक और 33 अर्धशतक भी दर्ज हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पोंटिंग ने वार्नर की तुलना में 205 पारियां अधिक खेली।

### 111 टेस्ट में 26 शतक

वार्नर ने अभी तक 111 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 44.58 की औसत से 8695 रन दर्ज हैं। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में 26 शतक और 36 अर्धशतक दर्ज हैं।

### विश्व कप टीम में जगह मिलने की उम्मीद

वार्नर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप में उन्हें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे हैं तथा टेस्ट और वनडे से संन्यास लेने के बाद उनका विश्व भर की टी20 लीग में खेलने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### हम ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जल्द रोकेंगे : दीप्ति

**मुंबई।** भारतीय महिला टीम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पिछले 16 साल से ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर नहीं हरा पाई है लेकिन ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी के विजय अभियान पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से लगातार नौ वनडे मैच गंवाए हैं जिनमें वर्तमान श्रृंखला के पहले दो मैच भी शामिल है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को वनडे में आखिरी बार अपने मैदान पर 23 फरवरी 2007 को चेन्नई में हराया था।

### पेट्रा क्वितोवा ने कहा- मां बनने वाली हूं

**प्राग।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने नए साल में घोषणा की कि वह अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली हैं। क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'वर्ष 2024 के पहले दिन मैं आपको नए साल की बधाई देती हूं और एक रोमांचक खबर आपके साथ साझा कर रही हूं कि मैं और जिरी इन गर्मियों में अपने परिवार में बच्चे का स्वागत करेंगे।'


## क्रिकेट : दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है टीम इंडिया

# केपटाउन में तेज गेंदबाजों को मिलेगा उछाल, कल से भारत-अफ्रीका में जंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

31 साल बाद साउथ अफ्रीका की धरती पर टेस्ट सीरीज जीतने का सपना तो चकनाचूर हो चुका है। केपटाउन में रोहित शर्मा की कप्तानी में अब भारतीय टीम टेस्ट सीरीज का अंत बराबरी पर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। 3 जनवरी से भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। भारतीय टीम की अच्छी खबर यह है कि रविंद्र जडेजा पूरी तरह से फिट हो चुके हैं। दूसरी ओर, साउथ अफ्रीका की टीम सेंचुरियन की तरह दमदार खेल केपटाउन में भी दिखाना चाहेगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर खेला जाना है। केपटाउन के इस ग्राउंड पर तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहता है। पिच से मिलने वाले बाउंस की मदद से फास्ट बॉलर्स कहर बनकर टूटते हैं। यही वजह है कि इस मैदान पर काफी कम टेस्ट मैचों का नतीजा ड्रॉ के रूप में आता है। बल्लेबाजों के लिए केपटाउन में रन बनाना काफी मुश्किल काम रहता है।





### कोहली ने किया बर्गर अभ्यास शॉर्ट गेंदबाजों से जूझे अय्यर

*केपटाउन। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर की शैली की गेंदबाजी का सामना करते हुए काफी आश्वस्त दिखे जबकि सोमवार को यहां नेट्स पर शॉर्ट गेंद के खिलाफ श्रेयस अय्यर एक बार फिर मुश्किल में नजर आए। नए साल के दिन कोहली ने नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और लगभग एक घंटे तक अभ्यास किया। नेट पर गेंदबाजों का सामना करने के बाद कोहली ने लगभग 20 से 25 मिनट तक थ्रोडाउन का सामना किया। कोहली को नेट्स पर विशेष तरह का अभ्यास करने के उद्देश्य के साथ उतरने के लिए जाना जाता है और सोमवार को वह बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी के खिलाफ बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे।*

### क्या कहते हैं आंकड़े?

केपटाउन के इस मैदान पर अब तक कुल 60 टेस्ट मैच खेले गए हैं, जिसमें से 23 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है। वहीं, 25 मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है। पहली पारी में एवरेज स्कोर 325, दूसरी में 292, तीसरी में 234 और चौथी इनिंग में 163 रहा है। यानी चौथी पारी में बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है।

### टीम में लौटेंगे जडेजा

साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंजरी के चलते पहला टेस्ट मिस करने वाले रविंद्र जडेजा की दूसरे टेस्ट में वापसी लगभग तय मानी जा रही है। जडेजा प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाते हुए नजर आए थे। जड्डू ने बिना किसी परेशानी के गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी। जडेजा के आने से टीम इंडिया का स्पिन विभाग और बैटिंग ऑर्डर दोनों मजबूत होगा। हालांकि, जड्डू के लिए आर अश्विन को अंतिम ग्यारह में जगह बनानी होगी।

## हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** मुंबई। पिछले दो मैच में करीबी अंतर से पराजय झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार नौ मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म करने की कोशिश करेगी। इस मैच में सभी का ध्यान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के प्रदर्शन पर टिका रहेगा।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## पोलैंड ने यूनाइटेड कप में स्पेन को 2-1 से हराया, नार्वे भी जीता




एजेंसी ▶▶ सिडनी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने दबाव में अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए पोलैंड को सोमवार को यहां स्पेन पर 2-1 से जीत दिलाकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह दिलाई। एलेजांद्रो डेविडोविच फ़ोकिना ने ह्यूबर्ट हर्काज़ को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। इसके बाद स्वियाटेक ने महिला एकल में सारा सोरिबेस टोर्मो को 6-2, 6-1 से पराजित करके मुकाबला बराबरी पर ला दिया। स्वियाटेक और हर्काज इसके बाद मिश्रित युगल में 6-0, 6-0 से आसान जीत दर्ज करके पोलैंड की अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की।

इस बीच कैस्पर रूड ने क्रोएशिया के खिलाफ एकल और मिश्रित युगल में जीत दर्ज करके नॉर्वे की क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। डोना वेकिच ने मैलेन हेल्गो को 7-5, 3-6, 6-3 से हराकर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। रूड ने फिर बोर्ना कोरिच को 6-4, 6-1 से हराकर मुकाबले को निर्णायक मिश्रित युगल मैच में पहुंचा दिया, जिसे नॉर्वे ने टाईब्रेकर में जीता।

## भारत के लीगों में रैफरिंग में जवाबदेही की जरूरत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने सोमवार को आईएसएल और आईलीग में रैफरिंग के स्तर पर बरसते हुए कहा कि जवाबदेही की सख्त जरूरत है। चौबे ने रविवार को एक वर्चुअल बैठक में रैफरिंग का स्तर बेहतर करने के तरीकों पर बात की। रैफरिंग से जुड़े मसलों पर चिंता जताते हुए चौबे ने कहा कि इससे जुड़े लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए। आईएसएल के सात मैचों में 24 और आई लीग में चार मैचों में विवादित फैसले देखने को मिले। चौबे ने कहा, 'इस सत्र में रैफरी के फैसलों को लेकर काफी चिंताएं जताई गई हैं। क्लबों ने अपने दावों की पुष्टि के लिए वीडियो साक्ष्य जमा किए हैं। रैफरियों की गलती से कई मैच प्रभावित हुए और अब इसमें जवाबदेही तय होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि खेल में प्रतिस्पर्धी विकास के चलते एआईएफएफ पिछले एक साल से रैफरियों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।




## ओसाका की मां बनने के बाद सफल वापसी

एजेंसी ▶▶ ब्रिस्बेन

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर सफल वापसी करते हुए सोमवार को यहां ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत दर्ज की। जर्मनी की तमारा कोरपात्श के खिलाफ ओसाका दूसरे सेट में 5-3 पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी लेकिन उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी। यह सेट आखिर में टाइब्रेकर तक खिंचा जिसमें ओसाका ने 6-3, 7-6 (9) ने जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन की पूर्व विजेता ओसाका गर्भवती होने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी। जुलाई में उन्होंने बिटिया को जन्म दिया था। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने ऑस्ट्रेलिया के मैक्स परसेल को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया, लेकिन पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के 21 वर्षीय खिलाड़ी और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को रोमन सफीउलिन से 6-3, 6-7 (5), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। मेलबर्न में 14 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल काफी महत्व रखता है।




## शब्द पहेली - 5382



**बाएँ से दाए-**

1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5381 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5392

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5391 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

01- JAN- K&C- MAIN- Pg- 10 RAJDHANI_Layout 1 1/1/2024 11:58 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### किसानों को बोनस राशि देने में देरी, सीएम ने जताई नाराजगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के किसानों को 25 दिसंबर को प्रदाय की गई धान बोनस की राशि के आहरण में सहकारी बैंकों के प्रबंधकों द्वारा टालमटोल किए जाने की शिकायत मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरी नाराजगी जताई है। मुख्यमंत्री ने अपेक्स बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी सहकारी बैंकों के प्रबंधकों को किसानों की मांग के आधार पर उनके खाते से तत्परता से राशि का आहरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। किसानों से बोनस की राशि में से कमीशन मांगने का एक मामला सामने आया। इस मामले में एक बैंक प्रबंधक को निलंबित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को अपने बैंक खाते से राशि निकालने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में कलेक्टरों द्वारा जिले में इस व्यवस्था पर निगरानी सुनिश्चित कराने के साथ ही हीला-हवाला करने वाले बैंकर्स के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बिलासपुर जिले के करगीरोड सहकारी बैंक के प्रबंधक द्वारा धान बोनस की राशि आहरण में किसानों से कमीशन मांगे जाने की शिकायत की प्रारंभिक जांच सही पाए जाने पर वहां के प्रभारी शाखा प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिला सहकारी बैंक के सीईओ द्वारा सोमवार को निलंबन आदेश जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि प्रभारी शाखा प्रबंधक हरीश कुमार वर्मा के विरुद्ध किसानों ने कमीशन मांगने एवं नहीं दिए जाने पर अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की थी। कलेक्टर ने मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

### मुख्यमंत्री बने निक्षय मित्र, कहा- टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आएं

**रायपुर।** टीबी के इलाज के दौरान मरीजों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी निक्षय मित्र बन चुके हैं। उन्होंने इस अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीबी मरीजों के इलाज के लिए आगे आने की अपील की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शामिल होने के दौरान उन्होंने लोगों को आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया। राज्य में इस यात्रा की शुरुआत 15 दिसंबर से की गई है और अब तक 3 हजार 242 कैंप लगाए जा चुके हैं। अपने जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इन कैंपों में हितग्राहियों से मिलकर सिकलसेल कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड दिए गए एवं टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए। अब तक इन शिविरों में 7 लाख से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई है, साथ ही 1325 लोग निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आए हैं। इन शिविरों में 5 लाख 40 हजार से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई, साथ ही 4 लाख 99 हजार से अधिक की रक्तचाप जांच, 4 लाख 85 हजार की मधुमेह जांच, 2 लाख 88 हजार की सिकलसेल जांच एवं 59 हजार से अधिक की एनसीडी स्क्रीनिंग कर केस उच्च स्वास्थ्य संस्था को रेफर किए गए हैं।

### नए साल के पहले दिन कोरोना के 15 केस, ट्रैवल हिस्ट्री नहीं

**रायपुर।** नए साल के पहले दिन साढ़े तीन हजार सैंपल की जांच में 15 लोगों को संक्रमित पाया गया। राहत की बात ये है कि इनमें से किसी भी मरीज की ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। सर्दी-खांसी से पीड़ित होने की वजह से इनकी जांच की गई। अभी रायगढ़, दुर्ग, रायपुर जिले में ज्यादा मामले हैं और राज्य में कुल एक्टिव केस 86 हो चुके हैं। राज्य में कोरोना के मामले सामान्य स्थिति में हैं और इसे मौसमी फ्लू की गंभीरता से अधिक नहीं लिया जा रहा है। दूसरे राज्यों की तरह यहां कोरोना के नए वैरिएंट की आशंका धीरे-धीरे समाप्त हो रही है, हालांकि जीनोम सीक्वैंसिंग की रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है। अधिकारियों के मुताबिक ऐसे केस में दूसरे शहरों से वापस आने के बाद तबीयत बिगड़ने के मामले भी सामने नहीं आ रहे हैं। जिन्हें पॉजिटिव पाया जा रहा है।

# कर्जमुक्त आरडीए अब रिलेक्स जोन में, माता कौशल्या विहार से होगी 200 करोड़ की कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण 600 करोड़ के भारी-भरकम कर्ज से मुक्त होने के बाद अब रिलेक्स जोन में आ गया है। 11 साल पहले लिए गए लोन और उसके ब्याज की राशि भुगतान करने में खासी मशक्कत के बाद पहली बार ऐसी स्थिति बनी है, जब प्राधिकरण को माता कौशल्या विहार प्रोजेक्ट से 200 करोड़ की कमाई होने की उम्मीद है। सरप्लस के रूप में कमाई की यह राशि प्राधिकरण को माता कौशल्या विहार के 71 विकसित भूखंडों से करीब 71 करोड़ और आमोद-प्रमोद के रूप में सुरक्षित रखे गए प्लॉट से 129 करोड़ की एकमुश्त राशि के रूप में मिलनी है।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के कार्यकाल में साल 2011 में ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने कमल विहार प्रोजेक्ट आरडीए को सौंपा था। 1600 एकड़ जमीन पर यह प्रोजेक्ट अलग-अलग 15 सेक्टर में धरातल पर साकार रूप में सामने आया। मेट्रो सिटीज की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस इस प्रोजेक्ट को विकसित करने रायपुर विकास प्राधिकरण ने सेंट्रल बैंक की सदरबाजार शाखा से पहले 500 करोड़ ऋण लिया। इसके बाद दोबारा उसी बैंक से 100 करोड़ लोन लिया। इस तरह 600 करोड़ की लागत से बहुप्रतीक्षित कमल विहार प्रोजेक्ट लोगों के बीच लाया गया। इस प्रोजेक्ट में बड़े आकार के भूखंडों की बहुतायत रही, साथ ही आमोद-प्रमोद सहित अन्य प्रयोजन के लिए छोड़ी गई बड़े आकार की जमीन को बेचने में आरडीए को खासी परेशानी हुई। बैंक ऋण के ब्याज सहित मूल राशि का भुगतान करने में पूरे 11 साल लग गए। इस चक्कर में प्राधिकरण के पदाधिकारी कोई दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट हाथ में नहीं ले पाए।

### कांग्रेस शासनकाल में कर्जमुक्त आरडीए थीम पर काम




रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ और संचालक मंडल की टीम का पूरा फोकस आरडीए को कर्जमुक्त करने पर रहा। पदभार ग्रहण के दौरान ही तत्कालीन चेयरमैन ने अपनी पहली प्राथमिकता कमल विहार के नाम पर लिए गए 600 करोड़ के कर्ज से मुक्ति को बताया। इस तरह पांच साल तक आरडीए का पूरा फोकस कर्जमुक्त होने पर केंद्रित रहा। हाल ही में सेंट्रल बैंक से लिए गए लोन की बकाया राशि ब्याज सहित भुगतान करने के बाद अब प्राधिकरण पर कोई कर्ज नहीं है।

### नई सरकार से नए प्रोजेक्ट की उम्मीद

सूत्रों के मुताबिक राज्य में नई सरकार के गठन के बाद हाल ही में विभागीय मंत्री की प्रारंभिक बैठक में प्राधिकरण की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई और आने वाले दिनों में नए प्रोजेक्ट रायपुर विकास प्राधिकरण को दिए जाने आश्वस्त किया गया। प्राधिकरण द्वारा इंद्रप्रस्थ रायपुरा फेज-2 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ईडब्ल्यूएस आवास निर्माण का काम 80 फीसदी पूरा कर लिया है। 20 फीसदी बचे कार्य को मार्च तक पूरा करने समयसीमा तय की गई है।

## विभाग में हुए भ्रष्टाचार के सभी मामलों की जांच होगी

# स्वास्थ्य मंत्री बोले- हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, हर व्यक्ति को सरल सुलभ और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना मेरी प्राथमिकता में है। जो भी भ्रष्टाचार हुआ है, सभी मामलों की जांच होगी और कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक सरकारी हॉस्पिटल के बेड खाली हैं, तब तक प्राइवेट अस्पतालों की ओर लोगों को जाना न पड़े, इसे सुनिश्चित करें। प्रदेश में कहां-कहां एम्स खोला जाएगा, इसके लिए सर्वे कराया जाएगा। उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार है, इसे और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री ने मंत्रालय पहुंचकर अपने कक्ष में कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के बाद संवाददाताओं से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में पौने 3 करोड़ जनता की सेहत, सभी दुर्गम स्थलों पर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का संकल्प है। मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली गई। योजनाओं के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई। आयुष्मान भारत योजना में जांच, टीबी मुक्त भारत बनाना, सिकलसेल एनीमिया की वृहद जांच करने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का काम ठीक चल रहा है कि नहीं, इसे लेकर स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भी निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। विभाग में निर्माण कार्यों की स्थिति, मेडिकल कॉलेज में सीटों की स्थिति, प्राध्यापकों की स्थिति पर भी चर्चा हुई है।

### दर्द निवारक दवाओं की बिक्री सख्ती

उन्होंने नर्सिंग होम एक्ट को और प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, डॉक्टरों के लिखे बिना दर्दनिवारक दवाओं की बिक्री पर भी सख्ती से कार्रवाई करें।

### जनऔषधि केंद्र और ऑक्सीजन संयंत्र शुरू होंगे

कोरोना मामलों की संख्या और पूर्ववर्ती सरकार के कामों की समीक्षा वाले सवाल पर उन्होंने कहा, बैठक में जिलेवार कोरोना को लेकर चर्चा हुई। ऑक्सीजन गैस सिलेंडर को लेकर भी चर्चा की गई। कोरोना के समय प्रदेश में लगाए गए ऑक्सीजन संयंत्र में से कुछ के बंद पड़े होने पर उन्होंने कहा, इसे देखेंगे और शुरू कराएंगे। केंद्र द्वारा संचालित जनऔषधि केंद्र के बंद होने और वहां पर दवाई उपलब्ध न होने को लेकर उन्होंने कहा, जनऔषधि केंद्र क्यों बंद हुए, वहां क्या समस्या है, उसे देखकर शत प्रतिशत जनऔषधि केंद्रों को खोला जाएगा।

### विभागीय अधिकारियों की ली बैठक

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने सोमवार को मंत्रालय में कामकाज संभाल लिया। उन्होंने मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। अधिकारियों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित विभागीय कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले, विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सीआर प्रसन्ना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं जेपी मौर्य, आयुष विभाग की संचालक नम्रता गांधी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### योजनाओं का करेंगे परीक्षण

खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना जैसी योजनाओं के संचालन पर कहा, 10 लाख की जब स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी, तब 50 हजार के स्मार्ट कार्ड का औचित्य नहीं रह जाएगा। योजनाओं का परीक्षण कर उसे आगे बढ़ाने का प्रयास होगा। किसी योजना को अभी बंद नहीं कर रहे हैं। निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड में हुई गड़बड़ियों को लेकर उन्होंने कहा, इसकी पूरी जानकारी निकलवाकर इसका परीक्षण कराएंगे। उन्होंने कहा, शिकायतों के संबंध में भी पूरी जानकारी ली जाएगी। आयुष्मान का लाभ आम आदमी को मिले, इसका प्रयास होगा।

### कई मंत्री आज लेंगे कार्यभार

## मंत्री जायसवाल और राजवाड़े ने पूजा-पाठ कर मंत्रालय में संभाला कामकाज



मंत्रालय में नए साल के पहले दिन मंत्रियों के कार्यभार ग्रहण करने के साथ यहां पर लोगों की हलचल देखने को मिली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी दोपहर बाद मंत्रालय पहुंचे, वहां उनसे मिलने अधिकारी और कई पूर्व अधिकारी भी पहुंचे। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यभार ग्रहण किया। नए साल में मंत्रालय पहुंचने वाले मंत्रियों में केदार कश्यप भी शामिल हैं, वे दो दिन बाद कार्यभार ग्रहण करेंगे। मंत्री ओपी चौधरी भी मंत्रालय पहुंचे थे। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने सुबह 11 बजे मंत्रालय में पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सीआर प्रसन्ना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी मंत्रालय में पूजा-अर्चना कर कामकाज संभाल लिया। इस दौरान विभागीय सचिव भुवनेश यादव, संचालक दिव्या मिश्रा सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों के संबंध में चर्चा की तथा इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

### कई मंत्री आज कार्यभार लेंगे

साय मंत्रिमंडल की कैबिनेट बैठक मंगलवार को बुलाई गई है। माना जा रहा है कि अधिकांश मंत्री इस दौरान मंत्रालय में अपने विभाग का कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं। वहीं विभागीय अधिकारी भी विभाग के मंत्रियों के कार्यभार को लेकर तैयारी में जुटे हुए हैं।



# भूपेश बोले- अभी हम लोग होर्डिंग्स में देख रहे, योजनाओं को धरातल पर आने तो दीजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा की घोषणाओं पर कहा, सरकार का काम है अपनी घोषणाओं को पूरा करना। हम तो देख रहे हैं, अभी तो विभाग बंटे हैं। मंत्रियों के रहने की भी जगह तय नहीं है, आवास नहीं दिए गए हैं। व्यवस्थित होने दीजिए, काम करने दीजिए। अभी हम लोग केवल होर्डिंग्स में ही देख रहे हैं। योजनाओं को धरातल पर आने तो दीजिए।

- भाजपा की घोषणाओं पर किया तंज, कहा- मंत्रियों को व्यवस्थित होने दीजिए

संवाददाताओं से चर्चा के दौरान राम मंदिर में श्रेय लेने की राजनीति के सवाल पर उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राम मंदिर बना है। राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने कहा था, न्यायालय का जो आदेश है, इससे न 1 इंच आगे, न पीछे होगा। वैसे ही लागू किया जाएगा। उस समय उन्होंने कहा और हुआ भी यही। ये लोग भले चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन न्यायालय के आदेश से ही राम मंदिर बन रहा है।

### छत्तीसगढ़ रहे खुशहाल

नए साल का क्या संकल्प रहेगा? इस पर श्री बघेल ने कहा, नए साल का संकल्प यही है कि छत्तीसगढ़ खुशहाल रहे। छत्तीसगढ़ के लोगों को कोई कष्ट न हो। छत्तीसगढ़ प्रगति करे, यही हमारा संकल्प है। 2024 में चुनाव है, वह भी नजदीक है, उसके पहले 14 जनवरी से राहुल गांधी यात्रा शुरू कर रहे हैं। न्याय यात्रा में हम लोग शामिल होंगे और छत्तीसगढ़ को भी जोड़ेंगे।

### मजदूरों को कंबल बांटकर नए साल की शुरुआत

श्री बघेल मुख्यमंत्री रहते हर बार नए साल की शुरुआत मजदूरों के साथ करते थे। इस बार भी वे गांधी मैदान स्थित पुराने कांग्रेस भवन के पास मजदूरों के बीच नए साल की शुरुआत करने पहुंचे और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा, गरीब के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ सकें, इसलिए हमने स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले। आज पूरे देश में 5 किलो राशन मिलता है। हमारी सरकार ने 35 किलो देना शुरू किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जेनेरिक मेडिकल, हार्ट बाजार क्लीनिक योजना, मोहल्ले तक जाकर गरीबों का इलाज किया, सभी वार्डों में मेडिकल मोबाइल यूनिट जाती थी। हर प्रकार के इलाज होते थे, ये सब हमने शुरू किया। गरीबों की आय बढ़े, इसके लिए गोमाता की सेवा के माध्यम से गोबर, गौमूत्र खरीदे। लाखों परिवारों की आय बढ़ी, स्वसहायता समूह की महिलाओं को काम दिया।

# बोरा को प्रमुख सचिव पद पर प्रोफार्मा पदोन्नति
## 10 आईएएस को प्रवर श्रेणी वेतनमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय प्रशासनिक सेवा 1999 बैच के अधिकारी सोनमणि बोरा को 25 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर प्रमुख सचिव वेतनमान



पे-मैट्रिक्स लेवल 15 में 1 जनवरी से प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने यह आदेश जारी किया है। इसके साथ ही प्रदेश के 10 आईएएस को प्रवर श्रेणी वेतनमान का आदेश जारी हुआ है।

आईएएस श्री बोरा वर्तमान में केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं दे रहे हैं। उनके प्रमोशन के आदेश में कहा गया है कि भाप्रसे वेतन नियम 2026 के अनुसार प्रमुख सचिव



वेतनमान में पदोन्नति के लिए रिक्तियों के निर्धारण के लिए भारत सरकार की सहमति लेनी आवश्यक है। नियमानुसार विभागीय पत्र 9 नवंबर 2023 द्वारा भारत सरकार को वर्ष 1999 बैच के भाप्रसे अधिकारी को प्रमुख सचिव वेतनमान में पदोन्नति के लिए एक रिक्ति निर्धारण हेतु लिखा गया था। भारत सरकार से सहमति प्राप्त नहीं होने के कारण भाप्रसे वेतन नियम 2026 के नियमों के प्रावधान अनुसार भारत सरकार की सहमति मानी गई है।

### दस आईएएस को प्रवर वेतनमान

राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक अलग आदेश जारी राज्य में पदस्थ 2011 बैच के अधिकारियों को 13 साल का सेवाकाल पूरा करने पर प्रवर श्रेणी वेतनमान दिया है। इन्हें पे-मैट्रिक्स लेवल 13 में नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों में नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, चंदन कुमार, भूरे सर्वेश्वर नरेंद्र, भोस्कर विलास संदिपान, दीपक सोनी, संजीव कुमार झा, जितेंद्र कुमार शुक्ला, जन्मेजय महोबे, रिमिजुएस एक्का, जीवन किशोर ध्रुव।

### कैबिनेट आज नहीं कल, राजिम कुंभ पर अध्यादेश ला सकती है सरकार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनेट की 2 जनवरी को होने वाली बैठक अब 3 जनवरी को होगी। मंत्रालय में सुबह 11.30 बजे होने वाली बैठक में नई सरकार कई महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। राजिम कुंभ को लेकर कैबिनेट की बैठक में निर्णय के बाद अध्यादेश जारी किया जा सकता है। वहीं किसानों को धान की कीमत प्रति क्विंटल 3100 रुपए देने को लेकर कैबिनेट में निर्णय होने की संभावना है।मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में सभी विभागों के प्रस्तावों को शामिल किए जाने की चर्चा है। बताया गया है कि पूर्ववर्ती सरकार ने राजिम कुंभ को बंद कर पुन्नी मेला के नाम से इसे जारी रखा था। भाजपा सरकार राजिम कुंभ को फिर से शुरू करने विधानसभा में प्रस्ताव लाएगी।

# कस्टम मिलिंग के चावल जमा करने की मोहलत खत्म
## डेढ़ सौ मिलर्स ने नहीं लौटाए 17 हजार टन चावल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग करने वाले मिलरों को चावल जमा करने के लिए 31 दिसंबर तक दी गई मोहलत खत्म हो गई है, लेकिन अभी भी करीब 17 हजार टन चावल मिलरों से लेना बाकी है। बताया गया है कि वसूली के लिए मिलरों के बिल से एडजेस्ट किया जाएगा या विधिवत वसूली की जाएगी।



राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने के बाद, धान का एक बड़ा हिस्सा मिलरों को चावल बनाने के लिए दिया जाता है। यह चावल राज्य पूल के लिए नागरिक आपूर्ति निगम और सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई में जमा कराया जाता है। अभी जिन मिलरों से जो बकाया चावल लेना है, वह पिछले खरीफ सीजन का है। खाद्य विभाग के सूत्रों के अनुसार जिन मिलरों ने चावल जमा नहीं कराया है, उनकी संख्या डेढ़ सौ से अधिक है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि चावल की जितनी मात्रा बची है, वह बहुत अधिक नहीं है।

### उसना चावल मिलिंग के लिए कोटा जारी

छत्तीसगढ़ से चालू खरीफ सीजन में केंद्र सरकार 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल लेगी। केंद्र ने यह अनुमति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष आग्रह पर दी है। इससे पहले पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कई बार केंद्र से आग्रह किया गया कि राज्य से उसना चावल लिया जाए, लेकिन केंद्र ने अनुमति नहीं दी थी। अब बताया गया है कि 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल तैयार करने के लिए उसना मिलरों को धान दिया जा रहा है। हर जिले के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खाद्य अधिकारियों का कहना है कि बहुत जल्द ही सेंट्रल पूल के लिए उसना चावल जमा करने का काम शुरू हो जाएगा।

### पिछले साल में जून में एक बार कम हो चुकी है सब्सिडी

# सब्सिडी खत्म होने से ई-बाइक की बिक्री की रफ्तार पर लगेगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



देश में ई-बाइक का क्रेज बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने सब्सिडी देने का काम किया है। आज देश के हर राज्य में ई-बाइक का बड़ा क्रेज हो गया है। ऐसे में अब सब्सिडी खत्म करने की तैयारी चल रही है।

ऐसा हुआ तो अपने प्रदेश में भी ई-बाइक की बिक्री की रफ्तार पर बड़ा ब्रेक लग जाएगा। इस समय ई-बाइक पर 15 से 30 हजार की सब्सिडी मिल रही है। इसके पहले पिछले साल केंद्र सरकार ने पिछले साल जून सब्सिडी कम की थी तो 35 हजार तक कीमत भी बढ़ गई थी। अब तो इस साल अप्रैल से पूरी सब्सिडी ही समाप्त करने की तैयारी है। पेट्रोल के लगातार बढ़ते दाम के कारण इसके विकल्प के रूप में ई-बाइक चल रही है। इसको खरीदने वालों को जहां केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी मिलती है, वहीं अपने राज्य में राज्य सरकार भी सब्सिडी दे रही है। डबल सब्सिडी के कारण प्रदेश में ई-बाइक की तरफ लोगों का रुझान लगातार बढ़ा है और हर माह ढाई से तीन हजार बाइक बिकने लगी थी।

### केंद्र सरकार को मनाने का प्रयास

जून में सब्सिडी कम होने के बाद बिक्री की रफ्तार कम हो गई थी, लेकिन बाद में वापस रफ्तार आ गई। अब सब्सिडी पूरी तरह से समाप्त होने पर इस समय जो 15 से 30 हजार तक की सब्सिडी मिल रही है, वह भी बंद हो जाएगी। ऐसा होने से बिक्री की रफ्तार पर असर पड़ेगा। हालांकि कारोबारियों का कहना है कि यह असर ज्यादा समय तक नहीं रहेगा। इसी के साथ कारोबारी बताते हैं कि ई-बाइक बनाने वाली कंपनियां केंद्र सरकार से मांग कर रही हैं कि अभी सब्सिडी को समाप्त न किया जाए। अगर केंद्र सरकार मान गई तो ग्राहकों को राहत मिल सकती है।

### सब्सिडी
#### पहले ही हो चुकी है 35 हजार तक महंगी

केंद्र सरकार ने इस साल जून में सब्सिडी में कटौती की थी। जून से पहले जो सब्सिडी मिल रही थी, उसमें प्रति किलोवॉट पर 15 हजार दिए जा रहे थे। ऐसे में तीन किलो वॉट वाली बाइक पर 45 हजार मिल जाते थे, लेकिन जून में इसको घटाकर 10 हजार रुपए प्रति किलोवॉट कर दिया गया। ऐसा होने से तीन किलो वॉट की बाइक अब 30 हजार भी नहीं मिलते, क्योंकि कीमत में पहले जो 40 फीसदी तक सब्सिडी मिलती थी, उसे घटाकर 15 फीसदी कर दिया गया। ऐसा होने से डेढ़ लाख की बाइक पर अब 22 हजार पांच सौ ही मिलते हैं यानी अब 23 हजार अब ज्यादा देने पड़ते हैं। इसी तरह से 4 किलोवॉट की बाइक पर 60 हजार मिलते थे, लेकिन 1.60 लाख वाली ऐसी बाइक पर 15 फीसदी के हिसाब से 24 हजार ही मिल रहे हैं। ऐसे में अब 36 हजार ज्यादा देने पड़ते हैं। दो लाख की ई-बाइक पर 30 हजार की सब्सिडी मिलती है। कम कीमत वाली बाइक पर थोड़ा कम झटका लगता है। एक लाख वाली बाइक में अगर दो किलोवॉट की बैटरी लगी है तो इसमें 15 हजार की सब्सिडी मिलती है, पहले इसमें 30 हजार मिलते थे।

### चावल खराब होने की शिकायत पर मारपीट

**रायपुर।** आरंग थाने में एक व्यक्ति ने गांव के तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राजेश कुमार सतवर्ती ने उमाशंकर, टीकम तथा कैलाश चंद्राकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
PRP तकनीक द्वारा गंजेपन का ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com